www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

पत्र नहीं; मित्र

संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–296 । सागर, सोमवार, 18 दिसम्बर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

एटीएम से रूपये चुराने के प्रयास में गिरोह के 5 सदस्य गिरफ्तार — पृष्ठ 3

▪ पैसे से कांग्रेस की सेहत नहीं सुधरेगी!
▪ कांग्रेस पश्चिम बंगाल में चुन सकती है तृणमूल के साथ गठबंधन का विकल्प — पृष्ठ 4

▪ भाजपा जिलाध्यक्ष के आश्वासन पर जिला अस्पताल के सफाईकर्मियों की हड़ताल खत्म — पृष्ठ 6

विकसित भारत संकल्प यात्रा: दूसरे दिन महाकवि पद्माकर सभागार और संत कंवरराम वार्ड में लगाए गए शिविर — पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### कुवैत के अमीर के निधन पर भारत में भी राजकीय शोक रहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कुवैत के अमीर शेख नवाफ अल–अहमद अल–जबर अल–सबा के निधन के बाद आज भारत में भी राजकीय शोक रहा। अमीर का शनिवार को 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को भेजे एक संदेश में 17 दिसंबर को राजकीय शोक घोषित किया था। इस दौरान पूरे भारत में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहा और कोई आधिकारिक मनोरंजन कार्यक्रम नहीं हुए।

### रघुराम राजन ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**हैदराबाद, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने रविवार को हैदराबाद में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी से उनके आवास पर मुलाकात की। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, जो वित्त मंत्री भी हैं और उद्योग और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री डी. श्रीधर बाबू भी उपस्थित थे। केंद्र सरकार के आर्थिक सलाहकार के रूप में कार्य कर चुके राजनकाम किया, ने रेवंत रेड्डी के साथ अपने अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, उन्होंने वर्तमान वित्तीय स्थिति और राज्य के आर्थिक विकास के लिए अपनाई जाने वाली आवश्यक रणनीति पर चर्चा की। राजन ने राज्य की अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए कुछ सुझाव दिए। इस मौके पर मुख्य सचिव शांति कुमारी, विशेष सचिव, वित्त रामकृष्ण राव और मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव शेषाद्री भी उपस्थित थे।

### तमिलनाडु में नियोमैक्स ग्रुप मामले में संपत्तियां कुर्क

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मदुरै स्थित नियोमैक्स ग्रुप ऑफ कंपनीज द्वारा की गई वित्तीय धोखाधड़ी के एक मामले में पूरे तमिलनाडु में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर अचल संपत्तियों को कुर्क किया है, जिनकी कीमत 207 करोड़ रुपये बताई जा रही है। ईडी ने नियोमैक्स प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड और उसके समूह की कंपनियों के खिलाफ आर्थिक अपराध शाखा (मदुरै) के समक्ष निवेशकों द्वारा दर्ज की गई शिकायतों के आधार पर मामला दर्ज किया, जिन्होंने कथित तौर पर उच्च रिटर्न और 12 से 30 प्रतिशत ब्याज का वादा करके कई निवेशकों को विभिन्न परियोजनाओं (प्लॉट विकास) में लाखों पैसे जमा करने के लिए धोखा दिया, लेकिन वे अपना वादा पूरा करने में विफल रहे हैं।

### बंगाल को बेवजह संसद की सुरक्षा में सेंधमारी से जोड़ा जा रहा : ममता

**कोलकाता, एजेंसी।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि हाल ही में संसद भवन में हुई सुरक्षा में सेंधमारी से जानबूझकर पश्चिम बंगाल को जोड़ा जा रहा है, ताकि वहां की गंभीर सुरक्षा खामियों से ध्यान भटकाया जा सके। नई दिल्ली रवाना होने से पहले पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मामले के मुख्य आरोपी ललित झा का पश्चिम बंगाल से कोई घनिष्ठ संबंध नहीं है। उन्होंने झा के कथित बंगाल कनेक्शन के बारे में अपनी पहली टिप्पणी में कहा, 'उसके बिहार और झारखंड से संबंध थे, पश्चिम बंगाल से नहीं। इसलिए अनावश्यक रूप से इस मामले में हमारे राज्य का नाम घसीटा जा रहा है। यहां तक कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भी इस मामले में सुरक्षा व्यवस्था में खामियां स्वीकार की हैं। हम बस इतना चाहते हैं कि किसी स्वतंत्र एजेंसी से पूरी तरह से जांच हो।' मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि इस सुरक्षा चूक मुद्दे पर सदन में मुखर रहे विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया। ममता को नई दिल्ली में 19 दिसंबर को विपक्षी इंडिया गठबंधन की बैठक में भाग लेना है और 20 दिसंबर को प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी से मिलना है। बैठक में उनके साथ तृणमूल कांग्रेस महासचिव अभिषेक बनर्जी के भी आने की काफी संभावना है।

### जंगली हाथी ने 2 लोगों को कुचलकर मार डाला

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा के बारगढ़ जिले में रविवार को एक जंगली हाथी ने दो लोगों को कुचलकर मार डाला। मृतकों की पहचान गैसलेट क्षेत्र के कथौमल गांव के सिबलाल सुना और देशभातली क्षेत्र के बलराम साहू के रूप में की गई है। 55 वर्षीय दिहाड़ी मजदूर सिबलाल जिले के झारपाली इलाके में एक नहर निर्माण कार्य में मजदूर के रूप में काम करता था। वह शौच के लिए गया था, जहां उसे हाथी मिल गया। हाथी ने सिबलाल पर हमला कर दिया और उसे कुचलकर मार डाला। एक अन्य घटना में, 25 वर्षीय बलराम धान की फसल काट रहा था। वह घने कोहरे के कारण हाथी को नहीं देख सका।

लैंगिक असमानता पर बोले सीजेआई चंद्रचूड़

# अधिकारों के उल्लंघन के लिए निजता की आड़ नहीं ली जा सकती



**बेंगलुरू, एजेंसी।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को कहा कि कानूनों को घरों के भीतर मौजूद लैंगिक असमानता को दूर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि निजता अधिकारों के उल्लंघन के लिए एक आड़ नहीं हो सकती है। वह देश के 19वें मुख्य न्यायाधीश ईएस वेंकटरमैया की स्मृति में बेंगलुरू के नेशनल लॉ स्कूल में आयोजित एक व्याख्यान में बोल रहे थे। न्यायमूर्ति वेंकरमैया की बेटी न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश हैं और देश की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश बनने की कतार में हैं।

### कानून के उद्देश्य का विस्तार हो

सीजेआई ने स्मारक व्याख्यान देते हुए कहा कि सार्वजनिक और निजी दोनों स्थानों पर प्रतिभागियों की सुरक्षा के लिए कानून के उद्देश्य का विस्तार किया जाना चाहिए। इसके बाद उन्होंने कहा कि वह लैंगिक भेदभाव को सार्वजनिक और निजी अंतर के नजरिए से देखेंगे। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय दंड संहिता में प्रावधान है कि जब दो या दो से अधिक व्यक्ति झगड़े में पड़कर सार्वजनिक शांति भंग करते हैं तो उन्हें अपराध करने वाला कहा जाता है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा ▪ शेष पृष्ठ 3 पर

### हाईकोर्ट जमानत याचिकाओं का तेजी से करें निपटारा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया है कि अग्रिम जमानत आवेदन सहित जमानत आवेदनों पर निर्णय स्वतंत्रता से संबंधित हैं और सभी उच्च न्यायालयों द्वारा शीघ्रता से इस पर फैसला लिया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने यह टिप्पणी तब की जब उसने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ एक आरोपी द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई की, जिसमें उसके आवेदन को कालानुक्रमिक क्रम में सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया गया था। पीठ ने कहा, हमें यह मानने में कोई झिझक नहीं है कि ▪ शेष पृष्ठ 3 पर

ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों से मुठभेड़ हुई

# छत्तीसगढ़ में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में सब इंस्पेक्टर शहीद

**रायपुर, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सब इंस्पेक्टर सुधाकर रेड्डी शहीद हो गए हैं।

सब इंस्पेक्टर की शहादत को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नमन किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, रविवार की सुबह सात बजे जगरगुंडा थाना अंतर्गत बेदरे कैंप से सीआरपीएफ 165वी बटालियन की कंपनी उर्सांगल की तरफ ऑपरेशन पर निकली थी। ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों से मुठभेड़ हुई। घटना में 165वी बटालियन के सब इंस्पेक्टर सुधाकर रेड्डी शहीद हो गए एवं कांस्टेबल रामू गोली लगने से घायल हो गए। घायल जवान को प्राथमिक उपचार कर उचित उपचार हेतु हेलीकॉप्टर के माध्यम से एयरलिफ्ट किया जा रहा है। मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने आस पास के इलाके की सघन तलाशी की, जिस पर चार संदिग्धों को पुलिस ने दबोच लिया है तथा सीआरपीएफ, कोबरा एवं जिला बल के द्वारा आस पास के इलाके की सघन सर्चिंग की जा रही है।

**तलाशी अभियान में पुलिस ने 4 को दबोचा**

# बारूद फैक्ट्री में विस्फोट, 9 की मौत



### 3 घायल, 5 लाख की सहायता की घोषणा

**नागपुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के शहर नागपुर के बाजारगांव स्थित एक बारूद कंपनी में रविवार को विस्फोट हो जाने से तीन महिला श्रमिकों सहित नौ लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संदीप पखाले ने कहा कि विस्फोट के सही कारणों की जांच जारी है। उन्होंने बताया कि विस्फोट में मरने वालों में से छह पुरुष तथा तीन महिलाएं हैं और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बीच, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नागपुर में फैक्ट्री में हुए विस्फोट में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने पीड़ितों के परिजनों को पांच लाख रुपये की सहायता देने की भी घोषणा की है। उन्होंने जिला प्रशासन, पुलिस और सभी संबंधित एजेंसियों को घायल व्यक्तियों को उत्तम उपचार प्रदान करने का निर्देश दिया है। उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

### तेलंगाना में मानव-पशु संघर्ष में मृत्यु पर मुआवजा राशि दोगुनी हुई

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना सरकार ने मानव–पशु संघर्ष में किसी व्यक्ति की मृत्यु पर मुआवजा राशाि दोगुना कर 10 लाख रुपये कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जिन परिवारों के सदस्य मानव–पशु संघर्ष के शिकार होते हैं, उनके लिए अनुग्रह राशि 5 लाख रुपए से बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दी गई है। राज्य की पर्यावरण एवं वन मंत्री कोंडा सुरेखा ने मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद इस संबंध में एक आदेश पर हस्ताक्षर किए। इससे संबंधित विवरण, निर्देश और नियम जल्द ही जारी किए जाने हैं। मंत्री ने अन्य राज्यों से विभिन्न त्योहारों और आयोजनों के लिए तेलंगाना में हाथियों को लाने से संबंधित एक फाइल पर भी हस्ताक्षर किए। मंत्री ने बीआर अंबेडकर तेलंगाना राज्य सचिवालय में अपने कक्ष में अपने परिवार, विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में कार्यभार संभाला। सुरेखा ने मंत्री नियुक्त होने पर खुशी व्यक्त की और कहा कि वह वन विभाग की सभी विकास गतिविधियों में 100 प्रतिशत सहयोग प्रदान करेंगी।

उज्जैन में मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारियों की बैठक ली, कहा-

# कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने कोई समझौता न करें



### साम्प्रदायिक तनाव की स्थिति में प्रभावी कार्रवाई की जाए

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कहीं साम्प्रदायिक तनाव की स्थिति होती है तो उसके कारकों पर प्रभावी कार्रवाई की जाए, कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने में कोई समझौता न करें। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी पुलिस अधीक्षक अपने–अपने थाना क्षेत्र में झोन को मजबूत करें। साथ ही जनप्र–तिनिधियों को भी इससे जोड़ें। उन्होंने कहा कि थानों का युक्तियुक्तकरण करके उनकी सीमा भी निर्धारित की जाएगी, थानों का रिव्यू किया जाएगा, जिससे उनकी उपयोगिता एवं सार्थकता सिद्ध हो सके। डॉ. यादव ने रविवार को उज्जैन में सभी विभागों की संभागीय समीक्षा बैठक में यह बात कही। उन्होंने कलेक्टरों को कहा कि वह भविष्य की योजनाओं को देखते हुए शासकीय जमीन आरक्षित करें। उज्जैन सहित बड़े शहरों का क्षेत्रवार कार्ययोजना बनाने की दिशा में पहल करे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के बेहतर क्रियान्वित के संबंध में डॉ.यादव ने कहा कि इस यात्रा से जन–हितैषी योजनाओं का लाभ आम जनता को बेहतर ढंग से मिले। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की निर्माणाधीन सड़कों को लेकर अधिकारियो ंसे कहा कि सड़कों सहित अन्य निर्माण कार्य समय–सीमा में पूर्ण हो जाएं, सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से इसका पालन करें। डॉ.यादव ने कहा कि समाज के ऐसे सेवानिवृत्त लोगों की सेवाएं ली जाएगी, जो अच्छे कार्य करते हैं। ऐसे लोगों का उपयोग समाज–हितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन में किया जाएगा। उन्होंने मिलावटी दूध एवं पेट्रोल पर पूर्व की तरह ही कार्रवाई करने के निर्देश दिए, साथ ही कहा कि इससे सही काम करने वाले लोगों को परेशान नहीं किया जाएं। डॉ.यादव ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि जितने भी निर्माण कार्य हैं, जिनमें 2 विभागों के बीच समन्वय की आवश्यकता है, वहां वे निगरानी कर बेहतर समन्वय स्थापित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी ▪ शेष पृष्ठ 3 पर

### मुख्यमंत्री ने उज्जैन में रात बिता कर मिथक तोड़ा

**भोपाल, देशबन्धु।** धार्मिक नगरी उज्जैन को लेकर एक मिथक रहा है कि यहां मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री रात नहीं बिताते हैं। मगर राज्य के नए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार की रात उज्जैन में बिताकर इस मिथक को तोड़ दिया है। मोहन यादव उज्जैन दक्षिण से विधायक हैं और मुख्यमंत्री बनने के बाद वे शनिवार को यहां पहुंचे। इतना ही नहीं उन्होंने रात भी बिताई। मुख्यमंत्री यादव ने यहां एक जनसभा में कहा कि रात न बिताने के मिथक को तत्कालीन राजा दौलत राव सिंधिया ने बनाया था। राजा महादजी सिंधिया के निधन के बाद दौलत राव सिंधिया राजधानी को उज्जैन से ग्वालियर ले जाना चाहते थे और वे 1812 में राजधानी ले भी गए, मगर धीरे से एक मंत्र फूंक गए कि यहां कोई राजा रात को नहीं रहेगा, जिससे कोई कब्जा करने नहीं आए। यह उनकी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा था। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि अब हम भी कहते हैं कि राजा रात में नहीं रहेगा, अरे राजा तो बाबा महाकाल हैं, हम सब तो उनके बेटे हैं। क्यों रात में नहीं रहेंगे। ब्रह्मांड में कोई बच नहीं सकता, अगर बाबा महाकाल ने टेढ़ी निगाह कर दी तो। मुझे मोदी जी ने कहा कि बनारस मैं संभालता हूं, मोहन जी, आप तो उज्जैन संभालो। मैं मुख्यमंत्री नहीं मुख्य सेवक हूं यहां पर।

### *विकास का एजेण्डा सबसे पहले*

*मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान कहा कि दताना एवं मुल्लापुरा मार्ग को जोड़कर कार्य करें। राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी, जो सड़क बना रहे हैं, वे एक तरफ से बनाते हैं। आवश्यकता है कि दोनों ओर से सड़क बनाई जाए। उन्होंने कहा कि पाइप लाइन सड़कों पर डालने से सड़क कट रही हैं। इसलिए लोगों को समझाइश दें कि वे सड़कों पर पाइप लाइन नहीं डालें। सड़कों पर पानी निकासी की पर्याप्त व्यवस्था बनाई जाए। उन्होंने कहा कि निए निर्माण कार्य करने के लिए पहले से बने हुए पक्के निर्माण स्थल को न तोड़ा जाए। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि विकास का एजेण्डा सबसे पहले है।*

### *मांस-मछली के लिए व्यवस्थित बाजार विकसित किए जाएं*

*डॉ. यादव ने खुले में बेच रहे मांस और मछली बेचने वालों पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने इस संबंध में कहा कि मांस–मछली का कारोबार करने वालों के लिए सभी जगह व्यवस्थित बाजार विकसित किए जाएं। उन्होंने कहा कि एक जगह मांस मछली का बाजार होने के बाद सड़क पर मांस–मछली बेचने की नौबत नहीं आएगी।*

लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस

# 'देश के लिए दान' अभियान की खड़गे आज करेंगे शुरुआत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। आर्थिक तंगी का दावा करने वाली कांग्रेस ने आगामी आम चुनाव से पहले ऑनलाइन चंदा एकत्र करने के लिए 'देश के लिए दान' नाम से अभियान शुरू करने का फैसला किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 18 दिसंबर को इस अभियान की शुरुआत करेंगे।

पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में इसकी जानकारी दी थी। उन्होंने कहा कि 18 साल से अधिक उम्र के भारतीय इस अभियान के जरिए 138 रुपए, 1,380 रुपए, 13,800 रुपए या फिर इससे 10 गुने की राशि चंदे के रूप में दे सकते हैं। माकन ने कहा कि अभियान की टैगलाइन होगी बेहतर देश के लिए कांग्रेस को आपकी जरूरत है, भारत को आपकी जरूरत है।

### 21 दिसंबर को बुलाई कार्य समिति की बैठक

उत्तर भारत के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में हार के कुछ दिनों बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक बुलाई है, जो पार्टी की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है। यह बैठक 21 दिसंबर को बुलाई गई है। सीडब्ल्यूसी की बैठक तीन राज्यों में पार्टी की हार और हाल ही में संसद में बड़े पैमाने पर सुरक्षा चूक के मद्देनजर हो रही है। बैठक में 14 सांसदों – 13 लोकसभा से और एक राज्यसभा से – को शीतकालीन सत्र के शेष समय के लिए निलंबन पर भी चर्चा हो सकती है।

धरोहरों से जुड़े कानून पर संसदीय समिति का अहम सुझाव

# सरकारी कर्मियों की जवाबदेही तय करने हो संशोधन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की ऐतिहासिक विरासतों और धरोहरों से जुड़े कानून में संशोधन को लेकर संसदीय समिति ने अहम सुझाव दिया है।

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान समिति ने सिफारिश की है कि कानून में ऐसे सख्त संशोधन किए जाने चाहिए, जिससे विरासत और धरोहरों के संरक्षण से जुड़े सरकारी कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जा सके। परिवहन, पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय के मामलों को देखने वाली स्थायी संसदीय समिति ने कहा, आने वाले संशोधनों में बेहद सख्त कानूनी प्रावधान होने चाहिए, जिनसे सरकारी कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जा सके। समिति ने केंद्र की तरफ से संरक्षित स्मारकों और धरोहरों को सहेजने के साथ–साथ अतिक्रमण रोकने लिए समय रहते और तत्परता से कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने का आह्वान भी किया।

धरोहरों को सहेजने से जुड़े कानून में बदलाव पर संसदीय समिति ने अपनी सिफारिश में कहा, अगर सरकारी कर्मचारी स्मारकों के अतिक्रमण रोकने में विफल रहें और अपनी ड्यूटी में लापरवाही करते पाए जाएं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। जिला वन अधिकारी को मिली शक्तियों की समीक्षा भी होनी चाहिए। समिति ने कहा कि अतिक्रमण को रोकने के लिए 1972 में बने कानून–वन्यजीव अधिनियम के तहत डीएफओ को जैसी शक्तियां दी गई हैं, वैसे ही अधिकार एएसआई अधिकारियों को मिलने चाहिए।

- अतिक्रमण रोकने लिए समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जाए
- जिला वन अधिकारी को मिली शक्तियों की समीक्षा हो

### शीतकालीन सत्र के दौरान 363वीं रिपोर्ट पेश की

समिति ने शीतकालीन सत्र के दौरान 363वीं रिपोर्ट पेश की। एएमएएसआर कानून के तहत पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण करती है। प्राचीन स्मारक और पुरातात्विक स्थल और अवशेष को बचाने के लिए एएसआई देशभर में काम करती है। वर्तमान में एएसआई 3690 स्मारकों को सहेजने का काम कर रहा है। समिति ने इस बात पर भी चिंता जाहिर की है कि देशभर में केवल 6.7 फीसद स्मारकों या संग्रहालयों में सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। यानी केंद्रीय स्तर से सहेजे जा रहे 3693 स्मारकों में केवल 248 में सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। कुल सात हजार कर्मचारियों को नियुक्त किए जाने की जरूरत है, लेकिन सिर्फ 2578 सुरक्षाकर्मी ही तैनात हैं। इसका कारण फंड में कमी को बताए जाने पर स्थायी संसदीय समिति ने निराशा प्रकट की।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत को विश्व पटल पर मिली नई पहचान: वीरेंद्र सिंह



**सागर, देशबन्धु।** रविवार को बण्डा विधानसभा के गांव छापरी व ग्राम चंदोख पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक वीरेंद्र सिंह शामिल हुए, कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन व द्वीप प्रज्वलन कर हुई। क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र सिंह ने केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना की जानकारी ग्रामवासियों को दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों ने मप्र के विकास व बण्डा विधानसभा के विकास को वोट दिया है, उसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं धन्यवाद करता हूं मैं आपकी हर संभव मदद के लिए दिन रात एक कर दूंगा, आपके सुख-दुख में हमेशा आपके साथ खड़ा रहूंगा। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व पटल पर एक नई पहचान मिली। प्रदेश कार्य समिति सदस्य जाहर सिंह ने केंद्र व प्रदेश की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे अवगत कराया, मंडल अध्यक्ष विवेक मिश्रा ने कहा कि मैंने सबका साथ सबका विकास को लेकर कार्य की शुरुआत की और अब सबका विश्वास और सब का प्रयास इसमें जोड़ा गया है जिसमें आप सबकी सहभागिता शामिल है। कार्यक्रम को महेंद्र जैन भूसा ने भी संबोधित किया संकल्प यात्रा वाहन आते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई व ग्रामीणों ने संकल्प यात्रा में पधारे सभी जन का स्वागत अभिनंदन किया यात्रा के दौरान जल जीवन मिशन उज्वला योजना बाल विकास पुष्टाहार, स्वास्थ्य विभाग अन्य विभागो द्वारा सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए स्टॉल लगाए गए, विकास संकल्प यात्रा में पूरा प्रशासनिक अमला शामिल रहा, संकल्प यात्रा वाहन में पिक्चर के माध्यम से ग्रामीणों को केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण कारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। इस मौके पर शिवराज सिंह छापरी, भूपत सिंह सेमरा, नीतेश जैन, गोविंद सिंह, अमांन सिंह, ऋषभ जैन, बीरबल सिंह, महेंद्र सिंह, भैयाराम सिंह एसडीएम संदीप सिंह, सीईओ प्रतिष्ठा जैन सहित अधिकारी व ग्राम छापरी व गडर के ग्राम वासी शामिल हुए।

## घट यात्रा एवं ध्वजारोहण के साथ कल्पद्रुम महामंडल विधान हुआ प्रारंभ



**सागर, देशबन्धु।** आठ दिवसीय कल्पद्रुम महामंडल विधान प्रारंभ हुआ। प्रातः 6. 30 बजे से विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान के साथ सर्वप्रथम प्रभु स्व गुरु आज्ञा, पश्चात घटयात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाएं, इंद्र. इंद्राणी, अष्ट कुमारी आदि केसरिया साड़ी में मंगल कलश लेकर, झंडा ढोल बैंड डीजे जयकारों के बीच बग्गी घोड़ा, बाहुबली कॉलोनी, गौराबाई जैन मंदिर, तीनबत्ती होती हुई वापिस विजय टॉकीज चौराहा बडकुल जैन मंदिर पहुंची जहां विशालकाय पंडाल की शुद्धि, मंच शुद्धि, पात्र शुद्धि, सकलीकरण, मंडप शुद्धि आदि धार्मिक क्रियाएं कर ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात अभिषेक, शांतिधारा, आचार्यश्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, मंडप उद्घाटन, मुनि संघ के मंगल प्रवचन हुए एवं पात्रों ने श्रीफल समर्पित किया तथा बाहर से आए श्रद्धालुओं, पात्रों का सम्मान मंदिर कमेटी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुनिश्री सुदत्तसागर ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा ध्वजा, आस्था विश्वास सफलता की उम्मीद जगाती है। नारी शव यात्रा में तो नहीं जाती, परंतु घट यात्रा में जाती है। कलश मंगल है, हल्दी, वंदनवार, घोड़ा, कुंवारी कन्या मंगल है। क्षुल्लकश्री चंद्रदत्त सागर ने कहा धर्म ध्वजा नव देवों में नव देवता का प्रतीक है। जैन ध्वजा में सफेद रंग अरिहंत जी, लाल रंग सिद्ध जी, पीला रंग आचार्य जी, हरा रंग उपाध्याय जी और नीला रंग साधु परमेष्ठी का प्रतीक है। ध्वजा में मूल आधार सम्यक दर्शन, दंड स्तंभ सम्यक ज्ञान और ध्वजा सम्यक चारित्र का प्रतीक है।

## बिना लाइसेंस मांस, डीजे लाउंड स्पीकर पर रोक और खुले हुए बोर बंद करने दिए निर्देश



**शाहगढ़, देशबन्धु।** मप्र शासन द्वारा जारी किए गए आदेशों और बनाये गए नियमों की जानकारी देते हुए रविवार को थाना प्रभारी अर्चना सिंह के द्वारा सीएमओ एमजी गोस्वामी की उपस्थिति और नगर परिषद अध्यक्ष राधा बाबूलाल खटीक की अध्यक्षता में धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रो लाउड स्पीकर, डीजे, संबोधन प्रणाली के अनियंत्रित व नियम विरुद्ध प्रयोग पर नियंत्रण कार्यवाही के संबंध में तथा मांस मछली को खुले में विक्रय नहीं करने के संबंध में थाना परिसर में बैठक ली। बैठक में शाहगढ़ नगर सहित समीपस्थ क्षेत्रों के नागरिकों, डीजे संचालको, अंडा-मांस विक्रेता उपस्थित हुए है। मीटिंग में लगभग दो सौ से अधिक लोग उपस्थित हुए। थाना प्रभारी अर्चना सिंह ने डीजे संचालकों, मस्जिद एवं मंदिर के संरक्षकों को समझाइश देते हुए कहा कि सभी लोग लाउडस्पीकर एवं डीजे शासन के अनुसार तय सीमा डेसिबल में ही बजाएंगे। आदेश के तहत अगर निर्धारित डेसिबल से अधिक आवाज में लाउडस्पीकर बजाया गया तो इस पर प्रतिबंध लगाया जायेगा। खुले में मांस बेंचने वालों को समझाइश देते हुए कहा कि तय किए गए स्थान पर ही दुकान लगाए, खुले में बिना लाइसेंस मांस न बेचे, सात दिन में अपना लाइसेंस बनवा ले अन्यथा कार्यवाही होगी। सीएमओ एमजी गोस्वामी ने कहा कि खुले हुए बोर पाए जाने पर कार्यवाही सुनिश्चित की गई है, इसलिए खुले बोर बंद कर देवे।

## अयोध्या में रामलला की स्थापना में साक्षी बनेगा शाहगढ़



**शाहगढ़, देशबन्धु।** नगर के बिहारी जू देव मंदिर में रखें गए अक्षत कलश के दर्शनार्थ प्रतिदिन राम भक्तों का तांता लगा रहता है। रविवार को राम मंदिर अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम अंतर्गत अयोध्या से आये अक्षत कलश का वितरण नगर की चार बस्तियों में एवं शाहगढ़ खंड के 10 मंडलों में किया गया। इस दौरान नगर केंद्र एवं शाहगढ़ खंड से विभिन्न संगठनों एवं समाज के वरिष्ठ जनों को सुपुर्द किए और क्षेत्र के दस मंडलो एवं नगर की चार बस्तियों में कलशों को बड़े ही धूमधाम से रवाना किया गया। वरिष्ठ समाजसेवियों ने बताया कि सभी के लिए खुशी की बात है कि 22 जनवरी को श्री राम लला भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। इस दिन अयोध्या में भव्य आयोजन होगा। जिसका पूरा विश्व साक्षी बनेगा। अयोध्या में पूजित अक्षत पीले चावल, पत्रक व श्रीराम का चित्र निमंत्रण पत्र घर-घर पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर सर्व समाज में अपार हर्ष उल्लास का वातावरण बना हुआ है।

## श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में निकलेंगी शोभायात्रा



**सागर, देशबन्धु।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा महा महोत्सव के उपलक्ष में नगर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें अयोध्या से आये हुए अक्षतो का वितरण, मंदिरो में हनुमान चालीसा, दुर्गा चालीसा का पाठ, प्रभात फेरी जैसे कार्यक्रमों के साथ ही शोभायात्रा का भी आयोजन होगा, नगर में श्री राम चल समारोह समिति शनिचरी द्वारा 21 जनवरी को एवं हिन्दू महासेना संगठन द्वारा सदर में 22 जनवरी को विशाल शोभायात्रा का आयोजन होगा, जिसकी तैयारियो को लेकर नगर एवं सदर के हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं की बैठक पहलवान बब्बा मंदिर में हुई। जिसमें शोभायात्रा का मार्ग, नगर में साज सज्जा, आमंत्रण सहित अन्य तैयारियो पर सदस्यो ने चर्चा की समिति सदस्यो ने सभी नगरवासियो से अयोध्या में होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा के महा महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में उत्साह पूर्वक सम्मिलित होने का आग्रह किया हैं।

## भारतीय ज्ञान परंपरा और कौशल उन्नयन से बनाएं विकसित भारत: प्रो. राजपूत



**सागर, देशबन्धु।** आजादी के अमृत काल से हम आगे बढ़ रहे हैं और स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने पर उत्कृष्ट भारत श्रेष्ठ भारत की साकार सफलता की राह बुलंद कर रहे हैं। हमारा देश विश्व में विकसित देशों की श्रेणी में अग्रणी हो, इस हेतु भारतीय संस्कृति और मूल्यपरक शिक्षा के साथ ज्ञान परंपरा और कौशल उन्नयन की दिशा में आगे बढ़ने की जरूरत है ये विचार प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत ने एक कार्यक्रम में उद्बोधन देते हुए दिए। मप्र भोज मुक्त विवि भोपाल के क्षेत्रीय केंद्र सागर द्वारा विकसित भारत पर केंद्रित कार्यक्रमों की श्रंखला में संदेश देते हुए क्षेत्रीय निदेशक प्रो. राजपूत ने कहा कि सूचना संग्रह, शिक्षा, ज्ञान और प्रज्ञा की क्रमबद्धता को पहचान कर सामाजिक परिवेश को समृद्ध बनाने की योजना को साकार रूप देना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में इनके लिए पर्याप्त आधार दिये गये हैं। जैसे मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा, परंपरागत कौशल विकास, स्थानीय संसाधनों से वैश्विक प्रतिस्पर्धा में विजय प्राप्त करना और एक भारत श्रेष्ठ भारत के निर्माण के लिए सामाजिक परिवेश को आकार देना। मप्र भोज मुक्त विवि इस दिशा में सार्थक सहयोग कर रहा है। आपकी शिक्षा आपके द्वार अंतर्गत सभी के लिए सहज सुलभ उच्च शिक्षा के माध्यम से मप्र भोज मुक्त विवि विकसित भारत के निर्माण के लिए पूरी तरह से समर्पित है। प्रदेश के लगभग सभी शासकीय महाविद्यालयों में अध्ययन केन्द्र स्थापित किये जा चुके हैं, जिनके माध्यम से शासन की योजनाओं के अनुसार शिक्षा, संस्कृति और कौशल विकास के लिये अनेक पाठयक्रमों का संचालन किया जा रहा है। प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत ने विकसित भारत के लिए कर्त्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय के कर्मचारियों रंजीत ठाकुर, वीरेंद्र चढ़ार, असित तिवारी ने शपथ ली और सहयोग किया।

## खुले में नही लगेंगी अंडा मांस की दुकान

**देवरीकलां, देशबन्धु।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आदेश के बाद अब देवरी नगर में सार्वजनिक स्थलों पर खुले में अंडा मांस की दुकानों को लेकर प्रशासन ने सख्त रूख अख्तियार कर लिया है। शासन की मंशा एवं आदेश के क्रियान्वयन को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने नगरपालिका अमले के साथ दुकानदारों को सख्त हिदायत दी एवं तय गाईड लाईन से अवगत कराया। अंडा एवं मांस की दुकानों के लिए लाईसेंस की अनिवार्यता एवं सरकारी निर्देशों के सख्ती से पालन की बाध्यता तय की गई है। विगत दिवस मुख्य नगरपालिका अधिकारी संजय गीते ने नगर पालिका अमले के साथ नगर के बस स्टेण्ड सहित मुख्य मार्ग का भ्रमण पर दुकानदारों को समझाइश दी। उन्होने बताया कि नगर के सार्वजनिक स्थलों एवं मुख्य मार्ग पर अंडा मांस, मुर्गा-मछली की दुकान मेंन रोड पर नहीं लगाई जा सकेंगी। इसके इसके लिए संबंधित दुकानदारों को लाइसेंस प्राप्त करना होगा एवं सरकारी नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि उपरोक्त समस्त वस्तुये के खुले में बिक्री करना वर्जित है। इस कार्यवाही में मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय गीते, मोहनी साहू उपयंत्री, मनु जारोलिया, बबलू प्रजापति, श्रीकृष्ण पांडे व नगर पालिका अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने विकसित है भारत संकल्प यात्रा का किया शुभारंभ



**सागर, देशबन्धु।** जिले के जैसीनगर ब्लॉक मुख्यालय पर रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने किया, और मौके पर मौजूद सभी लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ दिलाई गई। इस दौरान हीरा सिंह राजपूत ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की आईईसी मोबाइल वेनो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वही कार्यक्रम में सभी विभागों के स्टाल भी लगाए गए थे और मौके पर ही अधिकारियों ने हितग्राहियों को योजना संबंधित आवेदन मौके पर लिए। जिला पंचायत अध्यक्ष और जनपद अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह ने स्टालो का निरीक्षण किया और मौके पर हितग्राहियों को लाभान्वित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत विकसित संकल्प यात्रा एक दिन में दो गांव को कवर करेगी, इस यात्रा में सभी विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जो सोच है कि 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित बना देंगे और इसी संकल्प को लेकर हमारे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव चल रहे हैं और इस यात्रा के माध्यम से हमारे जो हितग्राही योजनाओं का लाभ लेने वंचित रह गए थे उन्हें लाभ मिलेगा।

### रक्त दान शिविर में 121 यूनिट ब्लड बैंक हुआ जमा

## पहली बार रक्त देकर सुखद अहसास हुआ: अंजू जैन



**शाहगढ़, देशबन्धु।** जिला अस्पताल प्रशासन के सहयोग से रविवार को नगर में लगें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं ने उत्साह दिखाया। रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। यह दूसरों को नया जीवन देता है। शिविर में रक्तदान के लिए कई पहली बार पहुंचे तो कई स्वैच्छिक तौर पर। रक्तदान के लिए जोश का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता था कि उन्हें रक्तदान के लिए अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। रक्तदान के लिए पहुंचे रक्तदाताओं के पते, मोबाइल नंबर, ब्लड ग्रुप आदि महत्वपूर्ण जानकारियां ली गईं ताकि भविष्य में जरूरतमंद मरीजों के लिए दोबारा उनकी सेवाएं ली जा सकें। इस दौरान दो महिलाओं सहित 121 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को रक्त केंद्र जिला अस्पताल सागर की ओर से प्रशस्ति पत्र दिए गए। दया भाव कल्याण समिति की ओर से आयोजित शिविर में उपस्थित अधिकारियो और वरिष्ठ समाजसेवियों ने रक्तदाताओं को सराहा। शिविर में सेवाएं देने वाले शाहगढ़ चिकित्सा स्टाफ, जिला अस्पताल से ब्लड बैंक आफिसर, समिति के सभी लोग आदि शामिल रहे। शिविर में रक्तदान के लिए पहुंचे कई युवाओं ने पहली बार रक्तदान किया। 25 वर्षीय रक्तदाता अंजू जैन ने कहा कि पहली बार रक्तदान करके उन्हें सुखद अहसास हो रहा है। उन्हें लग रहा है कि उनका रक्त किसी की जिंदगी बचा सकता है। इसी तरह राकेश नामदेव ने कहा कि मैने पांचवी बार रक्तदान किया है और मुझे लग रहा है कि शायद ही इससे बड़ा कोई दान हो। 24 वर्षीय शालू ने पहली बार रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि हम सभी को इस नेक कार्य में अपना योगदान देना चाहिए।

## वही समाज महान होता है जो अपने लेखकों और नागरिक बौद्धिकों को याद रखता है: उदयन वाजपेयी



**सागर, देशबन्धु।** हिन्दी और बुंदेली के सुप्रसिद्ध लेखक, कवि और समालोचक रमेश दत्त दुबे की दसवीं पुण्यतिथि पर श्यामलम् द्वारा रमेश दत्त दुबे स्मृति कार्यक्रम के दसवें वार्षिक आयोजन के अवसर पर मुख्य अतिथि देश के सुप्रसिद्ध कवि व समालोचक डॉ. उदयन वाजपेयी ने अपने अत्यधिक प्रभावी और बौद्धिक उद्बोधन में कहा कि रमेश दत्त दुबे ने कभी किसी चीज से समझौता नहीं किया। इस अर्थ में वे एक विशिष्ट रचनाकार बौद्धिक थे जो राजसत्ता और नागरिक समाज के बीच के फॉक को रेखांकित कर राजसत्ता को प्रश्नांकित करते रहे। आज मैं यह जोर देकर कहना चाहता हूं कि आप लेखक के साथ साथ उसके लेखन को भी याद करें। वही समाज महान होता है जो अपने लेखकों और नागरिक बौद्धिकों को याद रखता है। अगर आपको दुबे जी को याद करना है तो उनकी एक कहानी गांव को पढ़िये और आपके अपने शहर के लेखक की रचनात्मक ऊंचाई देखिये। मैं दुबे जी के प्रति आपके आदर को देखते हुए कोशिश करूंगा कि अगले वर्ष से रजा फाउंडेशन की ओर से रमेश दत्त दुबे की स्मृति में बड़ी व्याख्यान माला आयोजित हो सके। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए डॉ. हरीसिंह गौर विवि के हिंदी विभाग अध्यक्ष प्रो. आनंद प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि रमेशदत्त दुबे का व्यक्तित्व और साहित्य परस्पर पूरक और सर्वथा मौलिक था। उनमें अपने समय और समाज तथा राजनीति की विसंगतियों और दुर्बलताओं से लड़ने की शक्ति थी। विशिष्ट अतिथि डॉ. हरीसिंह गौर विवि हिंदी विभाग के सहा. प्राध्यापक डॉ. आशुतोष मिश्र ने कहा कि रमेशदत्त दुबे एक कारीगर रचनाकार थे। कारीगरी भी ऐसी कि ऊपर से उस कारीगरी का कोई निशान नजर नहीं आता था। कथ्य, शिल्प और कारीगरी सब कुछ मिलकर एक हो जाते हैं। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा स्व. रमेश दत्त के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई। अमीस दत्त दुबे, अभिनव दत्त दुबे, उमाकांत मिश्र, कुंदन पाराशर और श्यामलम् सचिव कपिल बैसाखिया ने अतिथि स्वागत किया। आयोजक रमाकांत शास्त्री ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम का संचालन मप्र हिंदी साहित्य सम्मेलन सागर इकाई के अध्यक्ष आशीष ज्योतिषी ने किया तथा सीमा रमेश दत्त दुबे ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर लोकगीत गायक बुंदेली कवि हरगोविंद विश्व को रमेश दत्त दुबे स्मृति सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया। सम्मान पत्र का वाचन श्यामलम् अध्यक्ष उमा कान्त मिश्र ने किया।

## पशु मांस तथा मछली विक्रय की दुकानों पर की कार्यवाही



**मकरोनिया, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद मकरोनिया के द्वारा शासन के निर्देश अनुसार बिना अनुमति पत्र के पशु मांस तथा मछली विक्रय की दुकानों पर कार्यवाही की जा रही है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी रीता कैलासिया के निर्देशन में टीम बनाकर जहॉ पर भी लोगो के द्वारा खुले मे मांस विक्रय किया जा रहा है वहां नगर पालिका की टीम पहुंच कर दुकानों को अलग किया जा रहा है। लगभग 5 दुकानों पर कार्यवाही की गई एवं खुले में बिना अनुमति के पशु मांस तथा मछली के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने के संबंध में लगातार नगर पालिका परिषद मकरोनिया के द्वारा मुनादी की कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही के समय मुख्य नगर पालिका अधिकारी रीता कैलासिया, उपयंत्री अमन जैन, राजकुमार गुप्ता, राजस्व विभाग के अधिकारी नगर पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क शतरंज प्रशिक्षण संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** रविवार को रोटरी क्लब ऑफ सागर के रोटरी कम्युनिटी कॉर्प आरसीसी के द्वारा रोटरी कम्युनिटी कोर्प आरसीसी शतरंज प्रशिक्षण सुबह 10 बजे कांची रेस्टोरेंट सिविल लाईन में राजेंद्र कुमार गुप्ता सेवानिवृत्त आईडीएएस सागर के मुख्य अतिथ्य, आरसीसी चैयरमेन अधि. वीनू शमशेर जंग बहादुर राणा, रो. सुरेंद्र पंचरत्न, अजय उपाध्याय, आरसीसी राजा बिलहरा अध्यक्ष चतुर्भुज सिंह ठाकुर, आयुष्मान सैनी, आरसीसी मधुकरशाह, सचिव रामबहादुर शाही, आरसीसी नरयावली अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह, आरसीसी कैंट सदस्य केके शुक्ला, प्रभात राणा की उपस्थिति में किया गया। इस प्रशिक्षण में 16 बच्चों ने सहभागिता की। यह प्रशिक्षण हर रविवार को सुबह 10 से 12 तक नि:शुल्क कांची रेस्टोरेंट में दिया जाएगा। मुख्य अतिथि का स्वागत अजय उपाध्याय ने किया। आरसीसी चैयरमेन अधि. वीनू शमशेर जंग बहादुर राणा ने मंच संचालन किया और सभी का आभार व्यक्त किया।

# कथा सुनने के साथ-साथ मनन करें: चिन्मयानंद बापू



**सागर, देशबन्धु।** पीटीसी ग्राउंड पहलवान बाबा मंदिर के सामने में चल रही श्री शिव महापुराण के तृतीय दिवस में कथा की क्रम को आगे बढ़ाते हुए कहा कि आज लोग कथा सुनते हैं लेकिन कथा जैसे ही पूरी हो जाती है और घर पहुंचते ही लोग सब कुछ भूल कर फिर से अपने कामों में व्यस्त हो जाते हैं लेकिन यदि आप चाहते हैं कि कथा से आप का कल्याण हो और कथा आपकी सारी मनोकामनाये पूर्ण करें तो कथा सुनने के साथ-साथ कथा को मनन करते हुए अपने ह्रदय में धारण करें और जो कथा में बताया गया है उसका हम अनुसरण करें और अपने जीवन में उस चीज को लाएं तभी कथा हमारा कल्याण करेगी और कथा से हमारी मनोकामनाएं पूर्ण हो बापू ने कहा कि आजकल दूसरे धर्म के लोग हमारे भगवान के प्रति हमारे ही बच्चों को जो भ्रमित कर रहे हैं कि तुम्हारे भगवान ऐसा है और हमारे भगवान के विषय में गलत गलत बातें करके उनको भ्रमित करते हैं इसमें सबसे बड़ी गलती आजकल मां-बाप की है मां बाप अपने बच्चों को प्रारंभ से ही धर्म की शिक्षा नहीं देते हैं अच्छे से अच्छी पढ़ाई कर आना तो चाहते हैं लेकिन धर्म की शिक्षा से वंचित रखते हैं इसका दूसरे धर्म के लोग फायदा उठाते हैं और दूसरे धर्म के लोग हमारे बच्चों को गलत गलत बातें सिखाकर उनका धर्म परिवर्तन कर आते हैं और उनको अपने धर्म में ले जाकर उनका गलत शोषण करते हैं और तब हम बाद में दुखी होते हैं इसीलिए आज के समय में हर मां-बाप को चाहिए कि अपने बच्चों में धर्म की शिक्षा दें अपने भगवान के बारे में उनको बताएं उनको कथा में लेकर आए जिससे कि उनको सनातन धर्म के विषय में जानकारी हो और वह समझ सके कि सनातन धर्म सबसे बड़ा धर्म है और अन्य धर्मों की लालच भरी बातों में ना आकर अपने धर्म को ही वह आगे बढ़ाएं बापू ने कहा कि केरला में जिस प्रकार से 30000 हिंदू बेटियों का धर्म परिवर्तन कराकर और उनका शोषण किया गया इससे भारत का संत समाज बहुत नाराज है और व्यासपीठ से में प्रत्येक मां-बाप से कहूंगा कि अपने बच्चों को कथा में लेकर आएं और उनको धर्म की शिक्षा दें ताकि ऐसा कृत्य दूसरे धर्म के लोग दोबारा ना कर पाए कथा के क्रम को आगे बढ़ाते हुए कहा कि शिवलिंग का जो स्वरूप है वह निराकार ब्रह्म का ज्योति स्वरूप ही शिवलिंग है हमारे धर्म में जो ग्रंथ है जो वेद है जो पुराण हैं उप निषद हैं वह सभी हमारे लिए एक सही मार्ग और जीवन को कैसे जीना है इसका ढंग बताते हैं यदि हमें अपने जीवन को गलत व्यसन से बचाना है और समस्त प्रकार की समस्याओं से निकलना है तो ग्रंथों का आश्रय अवश्य करें, आज के लोग जो ग्रंथों से दूरियां बना रहे हैं इसीलिए उनका जीवन तनावयुक्त है और उनको समस्या का समाधान प्राप्त नहीं हो रहा है इसलिए सभी लोग वेदों का उपनिषद का और ग्रंथों का पुराणों का आश्रय करें इसी में सबकी भलाई है। कथा में मुख्य यजमान अनिल तिवारी, शाखा अध्यक्ष पं. शिवशंकर मिश्रा, राजेंद्र दुबे, श्रीदेवी तिवारी, अशोक तिवारी, संतोष पाण्डेय, डॉ. तरुण बड़ोंनिया, रामअवतार पांडे आदि उपस्थित रहे।

## युवक ने की आत्महत्या

**बीना, देशबन्धु।** खिमलासा थाना क्षेत्र के मुहासा गांव में एक 18 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते अपने सूने मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। भगवान शरण पिता गुलाब राय 18 निवासी मुहासा ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना की जानकारी परिजनों ने खिमलासा पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतारा। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए खुरई सिविल अस्पताल भेजा। जहां पोस्टमार्टम कराया गया। मृतक के चाचा बबलू राय ने बताया कि उसका भाई किसी काम से खिमलासा गया हुआ था। भाभी पड़ोसी के घर गई थी। भतीजा घर पर अकेला था। भतीजे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। भतीजे के शादी के लिए रिश्ते की बत चल रही थी। एक सप्ताह पहले ही झांसी से लड़की वाले उसे देखने के लिए भी आए थे। भतीजे ने फांसी क्यों लगाई इसका कारण अज्ञात है। उनके भाई के तीन लड़के थे, पहले लड़के की हार्टअटैक से मौत हो गई थी। मंझले लड़के की कुएं में गिरने से मौत हो गई थी। यह तीसरा लड़का था, उसने फांसी लगा ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## नवप्रवर्तन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय पर परिचर्चा

**देवरीकलां, देशबन्धु।** शास. नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवरी में विगत दिवस विकसित भारत.2047 आइडिया पोर्टल के शुभारंभ के अंतर्गत नवप्रवर्तन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश दुबे की अध्यक्षता में आयोजित इस परिचर्चा में विभिन्न विद्वानों ने अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किये।

## सार समाचार

### जिला अस्पताल की 4 लिफ्ट खराब होने से मरीज परेशान

**छतरपुर, देशबन्धु।** इन दिनों जिला अस्पताल की 5 में से 4 लिफ्ट खराब हो जाने से मरीजों की परेशानी बढ गई है। खासतौर से गंभीर हालत में इलाज कराने अस्पताल आने वाले मरीजों को खासी दिक्कत होती है। खासतौर से जो मरीज चलने फिरने में असमर्थ होते हैं उनके लिये और भी ज्यादा समस्या होती है। बताया गया है खराब पडी 4 लिफ्टों में से एक केवल अस्पताल के डाक्टर और नर्सों सहित अन्य स्टाफ के लिये आरक्षित है, वो भी खराब हो जाने से अस्पताल स्टाफ और डाक्टर भी परेशान हैं। जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल की सभी लिफ्ट सेंसर से संचालित होती हैं। इन दिनों तकनीकि रूप से सेंसर खराब हो जाने से लिफ्टों का संचालन भी रूक गया है। सिविल सर्जन डा जीएल अहिरवार का कहना है कि अकसर लिफ्ट में सेंसर की खराबी आने से संचालन प्रभावित होता है। इसे सही कराने के लिये टेक्नीशियन को बुलाया गया है।

### सुबह नित्यक्रिया के बहाने घर से निकली युवती प्रेमी के साथ भागी

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के सटई थाने के अंतर्गत ग्राम कदवां में एक युवती सुबह नित्यक्रिया के बहाने घर से निकली और अपने प्रेमी के साथ भाग गई है। अब उसका पति उसे तलाशता घूम रहा है। पति ने एसपी के यहां आवेदन देकर उसकी पत्नी की तलाश करने की गुहार लगाई है।

पीड़ित पति ग्राम कदवां निवासी राजू यादव ने बताया कि गांव में वह खेती करके परिवार की गुजर बसर करता है। उसके खेत के पास एलएल तिवारी का खेत है। इस खेत को बटाई पर उत्तम पटेल और हक्कू पटेल को दे रखा है। आस पास खेत होने के कारण इन दौनों से उसकी जान पहचान भी है। इसी का फायदा उठाकर उसकी पत्नी की नजदीकी इन दौनों युवकों से ज्यादा बढ गई। राजू का कहना है कि उसने पत्नी को कई बार इनसे न मिलने के बारे में समझाया मगर बात मानने की बजाय लडने पर उतारू हो जाती। हाल ही में वह सुबह नित्यक्रिया के बहाने घर से निकली और लौटकर नहीं आई। राजू ने बताया कि उसकी पत्नी को ये दौनों युवक ही अपने साथ भगाकर ले गये हैं। उसने एसपी से इस मामले में न्याय की मांग की है।

### बाइक पेड से टकराने से युवक की मौत

**बमीठा, देशबन्धु।** थाना बमीठा के अंतर्गत देवगांव झमटुली मार्ग पर एक तेज गति से जा रही बाइक पेड से टकरा गई। जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार 28 साल का गोविंद पटेल पुत्र चित्रकोटी पटेल अपनी बाइक से देवगांव से झमटुली की ओर जा रहा था। जल्दी पहुंचने के चक्कर में वह बाइक को तेज गति से दौडा रहा था। अचानक बाइक अनियंत्रित होकर पेड से टकरा गई। टक्कर लगने से गोविंद उछलकर पथरीली जमीन पर जा गिरा और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाकर उसे पोस्टमार्टम के लिये भिजवाया है। पुलिस का कहना है कि मर्ग कायम करके मामले की जांच की जा रही है।

### पत्नी से झगडकर पति ने खाया जहर, मौत

**छतरपुर, देशबन्धु।** शराब पीकर घर आये पति ने अपनी पत्नी से झगडे के बाद जहर खा लिया। जिससे हालत बिगडने पर उसे तुरंत जिला अस्पताल लाया गया, यहां इलाज के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका है।

जानकारी के अनुसार महोबा निवासी दीपक राठौर पुत्र इंद्रजीत राठौर शराब पीने का आदी था। वह अकसर शराब पीकर घर आता और पत्नी से झगडा करता था। बीती रात भी वह जैसे ही शराब पीकर घर आया तो पत्नी से उसे टोका। इसी बात पर कहासुनी के बाद उनमें ज्यादा झगडा हो गया और गुस्से में आकर दीपक ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगडने लगी। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल छतरपुर लाया गया, जहां उसने दम तोड दिया। पुलिस ने मर्ग कायम करके शव का पोस्टमार्टम कराके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### रात्रि गश्त पर निकली पुलिस ने तत्परता से कार्यवाही करके बडी वारदात को टाला

# एटीएम से रूपये चुराने के प्रयास में गिरोह के 5 सदस्य गिरफ्तार

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के गुलगंज थाने की पुलिस जब रात्रि गश्त पर निकली तभी पक्की सूचना मिली कि कुछ लोग एक एटीएम को तोडकर रूपये चुराने का प्रयास कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने तत्परता से कार्यवाही करके एक बडी वारदात को टाल दिया और गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार रात्रि करीब 2 बजे गश्त पर निकली गुलगंज पुलिस को सूचना मिली कि गुलगंज में एक एटीएम को तोडकर उससे रूपये चुराने के उद्देश्य से कुछ लोग संदिग्ध रूप से पहुंचे हैं। वे एटीएम मशीन के साथ छेड़छाड़ करके नजदीकी एटीएम के सुरक्षा गार्ड से छीना झपटी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम शीघ्र ही बताये गये एटीएम स्थल पर जा पहुंची। पुलिस को आते देखकर एटीएम से चोरी करने की फिराक में आये बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। पुलिस टीम ने आसपास के मार्गो एवं गलियों में चोरों की तलाश शुरू कर दी। आला अधिकारियों को इस बात की खबर मिलते ही वे भी तत्परता से सक्रिय हो गये। चोरों के इस गैंग की शीघ्र तलाश एवं गिरफ्तार करने के लिये पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने एक टीम बनाकर तेजी से तलाशी अभियान छेड दिया। पुलिस ने साक्ष्य एवं तकनीकी विश्लेषण करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।




**5 आरोपियों से जब्त किया गैस कटर, दो बाइकें :** तलाशी के दौरान एक एक कडी से कडी जोडकर आखिरकार पुलिस को कामयाबी मिल गई। 5 आरोपियों को पकड लिया गया। उनके पास से एटीएम को काटने मे प्रयुक्त होने वाला गैस कटर, ऑक्सीजन सिलेंडर, लोहे का पाइप और दो बाइकें जब्त की गई हैं। पुलिस ने बताया कि पांचों आरोपी निवासी ग्राम पिपरा थाना गुलगंज के है। उनको अभिरक्षा में लेकर घटना के संबंध मे पूंछतांछ की गई। अभियुक्तों ने आकस्मिक पुलिस सेवा डायल 100 का फर्जी इवेंट लेकर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास करने की बात स्वीकार की है। साथ ही ये भी बताया कि उन्होंने 19 जुलाई 2023 को गुलगंज में चोरी करने के उद्देश्य से एटीएम मशीन के साथ छेड़छाड़ भी की थी।

पुलिस मेमोरेंडम में अभियुक्तों द्वारा एटीएम काटने के लिये गैस कटर, आक्सीजन सिलेंडर, लोहे का पाईप खरीदकर घटना को अंजाम देने की बात भी स्वीकारी है। इस मामले मे ग्राम पिपरा निवासी केवल एक आरोपी फरार है। जिसकी तलाश की जा रही है।

**टीम में इनकी भूमिका रही खास :** एटीएम से रूपये चुराने वाले आरोपियों को पकडने में एसडीओपी बडामलहरा वीरेंद्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में गुलगंज थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रवि उपाध्याय के नेतृत्व में टीम की भूमिका खास रही है। इस टीम में एसआई रामआसरे सोनकर, एएसआई मनोहरलाल सोनी, एएसआई दौलत सिंह, प्रधान आरक्षक कैलाश, राजाराम, प्रवेश तिवारी, ईशाक खान, आरक्षक सतीश परसारिया, शीलेन्द्र सिंह, राकेश चढार, घनश्याम व मुकेश प्रजापति, थाना गुलगंज से प्रधानआरक्षक अरविंद कुशवाहा, कपिंद्र, बीडी यादव और संदीप तोमर साइबर सेल की अहम भूमिका रही है।

### इनका कहना है

थाना गुलगंज पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 457, 380, 511 भादवि के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। इस मामले के पांच आरोपियों को पकड लिया है। उनके पास से एटीएम काटने वाला सामान और दो बाइकें जब्त की हैं। एक आरोपी की तलाश की जा रही है।

**वीरेंद्र बहादुर सिंह,**
एसडीओपी, बडामलहरा

## कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को दी वैज्ञानिक तरीके से खेती की सलाह

**छतरपुर, देशबन्धु।** बिजावर अंचल के ग्राम लखनगुवा में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों से चर्चा करते हुए उन्हें वैज्ञानिक तरीके से खेती करने की सलाह दी है।

ग्राम मे डीबीटी बायोटेक्नोलॉजी परियोजना के अंतर्गत आयोजित संवाद कार्यक्रम में भोपाल के केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान से आये वैज्ञानिक डॉ दुष्यंत सिंह, डॉ दीपक थोरात ने किसानो से चर्चा करके प्रदर्शन प्रक्षेत्र का दौरा किया। वैज्ञानिको ने देखा कि जिले मे अधिकतर किसान गेहू की बुवाई बीज छिटककर करते हैं। जिससे कृषि की लागत बढ़ती है, साथ ही बुवाई के उपरांत निराई गुड़ाई, पौध संरक्षण जैसे अन्य कृषि कार्यों मे परेशानी भी आती है।

इसी क्रम मे वैज्ञानिकों ने मशीनीकरण पर जोर देते हुए किसानों को बुवाई के दौरान सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल का उपयोग करने की सलाह देते हुए कहा कि इस तरीके से खेती करने से बीज़ की बचत होती है, उत्पादन मे वृद्धि होती है।

इस दौरान किसानों को संसाधन संरक्षण मशीनरी जैसे जीरो-टिल ड्रिल, हैप्पी सीडर और संस्थान मे चल रहे अन्य शोधों के बारे में बताया गया। प्रवीण नायक और हेमू शनिशरे ने खाद्य प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन से जुड़े फायदों की जानकारी दी। नौगांव कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ हेमंत सिन्हा और डॉ अतर सिंह ने जलवायु परिवर्तन के फसलों पर दुष्प्रभाव के बारे में बताकर वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने पर जोर दिया।

### पर्यावरण सुधार के लिये रोपे गये छायादार पौधे

**छतरपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय चेतना विकास मंच के तत्वाधान में नौगांव में पर्यावरण सुधार के लिये छायादार पौधे रोपे गये हैं। पौधरोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप बिल्थरे ने शीशम का पौधा रोपा। विशिष्ट अतिथि नीलेंद्र अग्रवाल ने जामुन का पौधा लगाया।

इस अवसर पर नौगांव इकाई के चेतना मंच अध्यक्ष एलएन रावत, पूर्व सीएमओ डीडी तिवारी, पूर्व एसडीएम केएल अहिरवार, संतोस गंगेले, राजेन्द्र खरे ने एक एक पौधा लगाया। नितेश विश्वकर्मा, लखनलाल बिल्थरे, नाजिम खाँ ने पूर्व में रोपे गये पौधों में पानी डाला। सभी ने आमजन को संदेश देते हुये कहा कि आने वाली पीढी को स्वच्छ हवा देने के लिये पौधे रोपना उनकी सुरक्षा करना जरूरी है। इसलिये सभी को पौधे जरूर रोपना चाहिये।

## गुरूद्वारे में मनाया गुरू तेग बहादुर का शहीदी कार्यक्रम

**छतरपुर, देशबन्धु।** नगर के महोबा रोड स्थित गुरुद्वारा में सिंह सभा द्वारा सिख धर्म के 9वें गुरू श्री गुरू तेग बहादुर का शहीदी दिवस मनाया गया। इस दौरान गुरुद्वारा सिंह सभा के अध्यक्ष सरदार सरजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज ही के दिन सन 1975 में उन्हें दिल्ली के बादशाह ओरंगजेब द्वारा इस्लाम कबूल न किए जाने पर उनका शीश काटकर उन्हें शहीद कर दिया गया था। श्री सिंह बताया इसीलिए उनके द्वारा दिए गए इस बलिदान को शहीद दिवस के रूप में आज उन्हें याद किया जाता है। इस मौके



पर गुरूद्वारे में आरदास, भजन कीर्तन किया ? प्रसाद भी वितरण किया गया है।

### पंचायत उप निर्वाचन के लिए अधिकारी नियुक्त

**छतरपुर, देशबन्धु।** त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन (उत्तरार्द्ध) के अंतर्गत जिले में पंच के 58 और जनपद सदस्य के 1 रिक्त पद का निर्वाचन कराया जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जीआर ने तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है।

जनपद पंचायत के सीईओ रिटर्निंग अधिकारी के सहयोगी अधिकारी के रूप में काम करेंगे। बताया गया है कि जनपद पंचायत छतरपुर में पंचायत उप निर्वाचन के लिए रिटर्निंग अधिकारी अरविन्द शर्मा तहसीलदार और सहायक रिटर्निंग अधिकारी दिनेश खटीक नायब तहसीलदार को बनाया गया है। जपं नौगांव में रिटर्निंग अधिकारी संदीप कुमार तिवारी तहसीलदार और सहा रिटर्निंग अधिकारी पूजा भोरहरि नायब तहसीलदार को बनाया है।

जपं राजनगर के लिए रिटर्निंग अधिकारी जनमेजय मिश्रा तहसीलदार एवं सहा रिटर्निंग अधिकारी धीरज गौतम नायब तहसीलदार होंगे। जपं गौरिहार में रिटर्निंग अधिकारी आकाश नीरज तहसीलदार एवं सहा रिटर्निंग अधिकारी शारदा प्रसाद सोनी होंगे।

इसी तरह जपं बिजावर में रिटर्निंग अधिकारी अभिनव शर्मा तहसीलदार एवं सहा रिटर्निंग अधिकारी इन्द्रकुमार गौतम नायब तहसीलदार होंगे। जपं लवकुशनगर में रिटर्निंग अधिकारी संदीप श्रीवास्तव तहसीलदार एवं सहा रिटर्निंग अधिकारी रामकुमार यादव नायब तहसीलदार बनाये गए है।

जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत छतरपुर के अंतर्गत पंचायत में पंच का एक पद, नौगांव में पंच का एक पद, राजनगर में जनपद सदस्य का एक पद और पंचायतों में पंच के 48 पद, गौरिहार में पंच का एक पद, बिजावर में पंच के पांच पद और जनपद लवकुशनगर में पंच के दो रिक्त पदों पर चुनाव होना है।

## शोले के लेवल की कोई दूसरी फिल्म आज तक नहीं बन पाई : असरानी

**खजुराहो, देशबन्धु।** प्रसिद्ध चरित्र तथा हास्य अभिनेता असरानी ने खजुराहो अंतर्राष्ट्रीय फ़िल्म फेस्टिवल के अंतर्गत पाहिल वाटिका परिसर में टपरा टॉकीज का शुभारंभ किया।

टपरा टॉकीज का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए असरानी ने कहा कि टपरा टॉकीज एक अलग तरह का अनुभव कराती है, जो पूर्व में प्रचलित था। उन्होंने कहा कि खजुराहो के मंदिर अदभुत कला के नमूने हैं।फिल्में एक दर्पण की तरह हैं। आज के दौर में मानव जीवन में तनाव बहुत है। लोग कैसे हंसेंगे इसके लिए फिल्में उचित माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि अब फ़िल्म मेकर्स ने हास्य पात्रों की जगह फ़िल्म के हीरो को ही कॉमेडियन बना दिया, जो सही नहीं है। ऊना जिक्र करते हुए असरानी ने कहा कि फिल्मों में वे इस उम्र में भी काम इसलिए कर पाए क्योंकि वो योगा करते हैं।

1966 से लगातार योगा करते चले आ रहे हैं और एकदम फिट हैं। उन्होंने शोले फ़िल्म में अपने अभिनय को लेकर कहा कि शोले एक मात्र फ़िल्म है जिसके लेविल की कोई फ़िल्म आज तक नहीं बन पाई। उन्होंने बताया कि खुद रमेश सिप्पी ने भी बहुत कोशिश की लेकिन वे भी शोले के स्तर की कोई फ़िल्म नहीं बना पाए।



यहां बता दें कि फ़िल्म फेस्टिवल में फिल्मों के प्रदर्शन के लिए नगर में 5 जगह टपरा टॉकीज बनाई गई हैं। जिनमें बॉलीवुड, होलिवुड के साथ साथ नए फ़िल्म मेकर्स की क्षेत्रीय फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर फ़िल्म अभिनेता विजय कश्यप, फ्रांस की अभिनेत्री मोरियन बोर्गो, आरिफ शहडोली, राकेश साहू सहित फिल्मों से जुड़े अन्य लोग मौजूद रहे।

**फिल्मोत्सव का भव्य तरीके से शुभारंभ :** खजुराहो के पाहिल वाटिका परिसर के मुक्ताकाशी मंच पर 9वे खजुराहो अंतर्राष्ट्रीय फ़िल्म फेस्टिवल का बीते रोज देर रात भव्य शुभारंभ किया गया। जिसमें प्रसिद्व फ़िल्म चरित्र तथा हास्य अभिनेता असरानी, मशहूर फिल्म अभिनेत्री आशा पारेख मुख्य रुप से शामिल हुई। कार्यक्रम के संयोजक फ़िल्म अभिनेता तथा प्रयास प्रोडक्सन प्रमुख राजा बुन्देला ने समारोह की जानकारी दी। पारेख को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। समारोह में मैहर बैंड सहित अन्य स्थानों से आये कलाकारों की प्रस्तुति हुई।

### खजुराहो में आकर्षण का केंद्र बना सेल्फी प्वाइंट

**खजुराहो, देशबन्धु।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी खजुराहो के पश्चिमी मंदिर समूह के मुख्य प्रवेश द्वार पर भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कटआउट वाला आकर्षक सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। इस सेल्फी प्वाइंट में सरदार बल्लभ भाई पटेल सहित भारत में निर्मित भारतीय सेना के उपयोग में आनेवाले (पूर्ण स्वदेशी) युद्ध वाले हथियारों को दर्शाया गया है, जो लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र हैं। इस सेल्फी प्वाइंट पर बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटकों के साथ स्थानीय लोग अपने मोबाइल कैमरे से सेल्फी ले रहे हैं। ये नजारा देखने लायक है।

### स्वावलंबी भारत अभियान अंतर्गत लगा रोजगार मेला

**गुना, देशबन्धु।** स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत रोजगार सृजन केंद्र में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साह दिखाते हुए अपनी भागीदारी दर्ज कराई। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यवाह अशोक अग्रवाल, विभाग प्रचारक नितिन अग्रवाल एवं स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत सह प्रचार प्रमुख प्रमोद दुबे ने दीप प्रज्जवलन कर किया। कार्यक्रम में रोजगार केंद्र के एक वर्ष पूर्ण होने पर केंद्र द्वारा की गई गतिविधियों की जानकारी जयदीप ओझा ने दी। इस दौरान 50 युवाओं ने पंजीयन कराए। इन सभी को कई कंपनियों में रिक्त पदों की जानकारी उपलब्ध कराई गई। रोजगार मेले में पीटीएम जैसी बड़ी कंपनी ने अपनी सहभागिता दिखाई। इसके अलावा वित्तीय सलाहकार के 20, इलेक्ट्रीशियन के चार पद, वेल्डर के पांच पदों पर रजिस्ट्रेशन हुए। युवाओं को रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।मेले में विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अंत में आभार सीए शुभम जैन ने माना।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**अधिकारों के उल्लंघन के....** यह तभी दंडनीय है, जब सार्वजनिक स्थल पर हो अन्यथा नहीं। इस प्रकार कानून का जोर केवल झगड़ों अंतरर्निहित गुण या दोष पर नहीं है, बल्कि यह कहां हो रहा है, इस पर है। एक संवैधानिक रूप से शासित समाज को सार्वजनिक और निजी की इस बाइनरी से परे देखने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक और निजी चीजों के इस विरोधाभास ने कई वर्षों से हमारे कानूनों को नारीवादी और आर्थिक आलोचना का आधार बनाया है। अभिव्यक्ति की आजादी के अस्तित्व के लिए इसे इन दोनों स्थानों में मौजूद होना चाहिए।

**हाईकोर्ट जमानत याचिकाओं का....** इस तरह का आदेश अग्रिम जमानत/नियमित जमानत से संबंधित मामले में निश्चितता के बिना, वह भी मामले को स्वीकार करने के बाद, निश्चित रूप से आवेदन पर विचार करने में देरी करेगा और ऐसी स्थिति व्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए हानिकारक होगी।

**कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए....** कलेक्टर्स विधायकगणों की समस्याओं और उनके विषयों का निराकरण प्राथमिकता से करें। विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर किये जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। बैठक में विधायकगणों ने सड़क और भवन निर्माण का मुद्दा उठाया।

बैठक में उज्जैन संभाग के सभी संसदीय क्षेत्र के सांसद, विधायकगण, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, शहर प्राधिकरण अध्यक्ष, अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक और संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक मौजूद थे।

### परिचय सम्मेलन में युवाओं ने बढ़ चढ़कर लिया भाग, विवाह भी संपन्न

# जीवन में जो संतुलन रखता है उसे कभी कोई कष्ट नहीं होगा : प्रो अग्रवाल

*छतरपुर, देशबन्धु। रविवार को विवाह पंचमी के शुभ मुहूर्त पर एक विवाह घर में जिला अग्रवाल समाज द्वारा युवक युवती परिचय सम्मेलन एवम सामूहिक विवाह महायज्ञ का आयोजन किया गया।*

*मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली यूनिवर्सिटी के रिटायर्ड प्रोफेसर योगाचार्य दयाशंकर अग्रवाल मौजूद थे। एसपी अमित सांघी, बड़ामलहरा एसडीएम प्रशांत अग्रवाल, स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक जगजीत मित्तल तथा नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। जिला अग्रवाल समाज के मीडिया प्रभारी रामकिशोर अग्रवाल ने बताया कि समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि योगाचार्य प्रो अग्रवाल ने कहा कि सबको संभालें लेकिन परमात्मा को पहले संभालो। ध्यान में उतरिए। छल, कपट सब छोड़ दीजिए, जीवन में जो मिलना है मिलकर रहेगा। उन्होंने कहा जो जीवन में संतुलन रखेगा उसे कोई कष्ट नहीं होगा। उन्हींने अहिंसा, अपरिग्रह करने और अहंकार से बचने की नसीहत दी। योगाचार्य प्रो अग्रवाल ने छतरपुर के अग्रवाल समाज को 5000 वर्ग फिट जमीन देने का ऐलान करते हुए महालक्ष्मी मंदिर को भी 11000 रुपए की राशि भेंट की तथा वहां हनुमान मंदिर बनवाने की घोषणा की। मुख्य अतिथि प्रो अग्रवाल ने इस सफल आयोजन के लिए अग्रवाल समाज के 11 लोगों का अग्रपट्टिका और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।*



### घर बसाएं तो उसे टूटने से भी बचाएं

*एसपी अमित सांघी ने अपने उद्बोधन में कहा कि परिचय सम्मेलन एक ऐसा मंच होता है जो आगे चलकर सुदृढ़ वैवाहिक जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है। एसपी ने कहा कि पुलिस अधीक्षक होने के नाते वे देखते हैं कि इगो के कारण पति पत्नी में टकराव और झगड़े बढ़ते जा रहे हैं जिससे परिवार टूटता है। इसलिए परिचय सम्मेलन को सफल बनाना है तो एक काउंसलिंग सेंटर भी बनाना पड़ेगा। जिसमें हम लोगों के घर टूटने से बचा सकें। नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया ने महिला शक्ति को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि नारी क्या नहीं कर सकती। प्लेन उड़ा रही, ट्रक चला रही वह हर क्षेत्र में आगे हैं। उन्होंने कहा कि वर वधु का चयन सही हो तो गृहस्थ जीवन सुखमय होता है।*

### परिचय पत्रिका बंधन का विमोचन

*समारोह में अतिथियों ने संपादक मंडल के साथ परिचय पत्रिका बंधन का विमोचन किया। इसमें विवाह योग्य 103 युवतियों और 276 युवकों के बायोडेटा संकलित कर प्रकाशित किए गए हैं। जो अभिभावकों के लिए सुयोग्य वर वधु चयन का आधार बनेंगे। अग्रवाल समाज के जिलाध्यक्ष प्रभात अग्रवाल ने कहा कि उनका प्रयास प्रतिवर्ष परिचय सम्मेलन और सामूहिक विवाह करने का है, लेकिन ये आयोजन खजुराहो, राजनगर, नौगांव या बड़ामलहरा में किया जाएगा। वर्ष 2024 में दिसंबर या फिर जनवरी 2025 में ये आयोजन किया जाएगा।*

### हिमांशु और तृषि अग्रवाल का हुआ विवाह

*समारोह में छतरपुर के हिमांशु और जिले के ग्रामीण अंचल की युवती तृषि अग्रवाल का विवाह संपन्न हुआ। वर वधु को अतिथियों ने सुखमय वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद प्रदान किया।*

*परिचय सम्मेलन में दूर दूर से आए युवाओं ने मंच पर आकर अपना परिचय देते हुए अपने जीवन साथी की तलाश की। लेकिन युवतियों ने परिचय देने में कम रुचि ली। जहां 58 युवक परिचय देने मंच पर पहुंचे वहीं केवल 3 युवतियों ने ही अपना परिचय देने के लिए मंच पर चढ़ने का साहस किया। परिचय सम्मेलन का संचालन वैभव और सोनम अग्रवाल ने किया। सभी अतिथियों को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंटकर अग्रवाल समाज द्वारा सम्मानित किया गया। स्वप्निल अग्रवाल और सौमिल अग्रवाल ने संयुक्त रूप से समारोह का संचालन किया।*

देशबन्धु

सागर, सोमवार 18 दिसम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## क्राउड फंडिंग से कांग्रेस का बढ़ेगा जनाधार

लोकसभा चुनाव के ठीक पहले कांग्रेस ने आर्थिक मदद के नाम से जनता से जुड़ने की अभिनव पहल की है। 28 दिसंबर को पार्टी के 138 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे इससे पहले सोमवार को डिजिटल स्वरूप में आमजन से दान लेने की मुहिम की शुरुआत कर रहे हैं। 'डोनेट फॉर देश' के नाम से संचालित होने वाले इस अभियान की महत्ता चुनाव लड़ने के लिए धन राशि एकत्र करने तक सीमित नहीं है, वरन उसका महत्व इसलिये भी है कि वह नये सिरे से आम लोगों को अपनी विचारधारा से जोड़ने जा रही है। इसके साथ ही देश की यह सबसे पुरानी पार्टी अपनी उस परम्परा को पुनर्जीवित करने जा रही है, जिसके बल पर दुनिया की सबसे विपन्न भारतीय अवाम के समक्ष विश्व के सर्वाधिक समृद्ध ब्रितानी हुकूमत को घुटने टेकने के लिये मजबूर होना पड़ा था। देश का स्वतंत्रता संग्राम छोटी-बड़ी मदद के बल पर लड़ा गया था। कांग्रेस को इस तरह जनता के सामने झोली फैलाने की ज़रूरत इसलिये आन पड़ी है क्योंकि उसका मुकाबला भारतीय जनता पार्टी जैसे अति सम्पन्न राजनैतिक संगठन के साथ है। दशक भर में उसने जैसा पैसा एकत्र किया है और उसका वह व्यय करती हुई दिख भी पड़ती है, उसके सामने किसी भी सामान्य दल का टिके रहना मुश्किल है। अब तक कांग्रेस उसका जिस प्रकार से भी मुकाबला कर रही है, वह अपने समर्पित कार्यकर्ताओं के बल पर ही, लेकिन 2024 का आम चुनाव लोकतंत्र के लिहाज से जिस प्रकार महत्वपूर्ण हो गया है, उसके चलते सम्भव है कि कांग्रेस कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। देखना यही होगा कि जनता कांग्रेस की दान की अपील को कैसा प्रतिसाद देती है।

शनिवार को दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में महासचिव केसी वेणुगोपाल एवं पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने बताया कि 'डोनेट फॉर देश' अभियान के अंतर्गत आमजन कांग्रेस को परम्परागत तरीकों के अलावा भुगतान के सभी डिजिटल माध्यमों के जरिये भी दान दे सकेंगे। इसके लिये एक अलग वेबसाइट भी बनाई गई है। कुछ ही दिनों में कार्यकर्ता घर-घर घूमकर चंदा एकत्र करेंगे। दान की न्यूनतम राशि 138 रुपये रखी गई है। यह सहयोग राशि उसके गुणा किये जाने वाली संख्या में अधिकतम कुछ भी हो सकती है, यानी 1380, 13800 और ऐसे ही आगे। यह राशि इसलिये चुनी गई है क्योंकि कांग्रेस अपनी स्थापना के 138 वर्ष पूर्ण करने जा रही है। यह धन संग्रह मुहिम करीब एक सौ साल पहले (1920-21) महात्मा गांधी द्वारा देश की स्वतंत्रता के लिये चलाये गये 'तिलक स्वराज फंड' से अभिप्रेरित बतलाई गई है।

कांग्रेस को इस तरह के चंदा अभियान की आवश्यकता इसलिये महसूस हुई क्योंकि पिछले कुछ समय से भाजपा ने जहां खुद को आर्थिक दृष्टि से बेहद मजबूत किया है वहीं उसने विरोधी दलों को मदद राशि मिलने के सारे रास्ते यथासम्भव बन्द कर दिये हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक रिपोर्ट बताती है कि इलेक्टोरल बॉंड के जरिये प्राप्त हुए करीब 9188 करोड़ रुपये में से 5272 करोड़ रुपए अकेली भाजपा को मिले। शेष लगभग 1780 करोड़ रुपए अन्य 7 राष्ट्रीय व 24 क्षेत्रीय दलों के पास पहुंचे। भारी-भरकम खर्चों से होने वाले चुनावी प्रचार अभियानों के माध्यम से भाजपा ने चुनाव प्रक्रिया को ही इतना खर्चीला कर दिया है कि किसी भी दल का उसके साथ मुकाबला करना बहुत मुश्किल हो गया है। सत्ता हाथ में होने के कारण और उसकी आर्थिक नीतियों के चलते वह उद्योगपतियों व कारोबारियों की पसंदीदा पार्टी बन गई है। केन्द्र की सरकार उसकी अपनी होने के कारण देश के भीतर जहां उसके दफ्तरों के सामने चंदा देने वालों की कतारें लगती हैं, अन्य दलों द्वारा प्राप्त होने वाले धन पर उसकी वक्र दृष्टि होती है। उसके पास उपलब्ध केन्द्रीय जांच एजेंसियों का वह खुलकर उपयोग विपक्षी दलों व नेताओं के खिलाफ करती है। जिन पूंजीपतियों को उसने अपनी नीति से फायदा पहुंचाया है, उसके फलस्वरूप उसके पास पैसे की किल्लत होने का सवाल ही पैदा नहीं होता। यह चर्चा भी आम है कि नोटबन्दी की बहती गंगा में भाजपा ने अपने हाथ धोये हैं। पूरे भारत में उसके आलीशान कार्यालय, भव्य रोड शो, खूब खर्चीली प्रचार सभाएं साफ बतलाती हैं कि वह देश ही नहीं सम्भवत: दुनिया की सबसे अमीर पार्टी है।

जाहिर है कि ऐसी मालामाल पार्टी के साथ मुकाबला बेहद कठिन है। इसके साथ ही अगले लोकसभा चुनाव का जैसा महत्व है, कांग्रेस के समक्ष लोगों से मदद मांगने के अलावा कोई चारा नहीं रह गया है। इसके माध्यम से पार्टी न केवल अपने खर्च का बंदोबस्त करेगी वरन लोगों से उसका व्यापक जुड़ाव हो सकेगा। उसे वे लोग मदद करेंगे जो कांग्रेस की विचारधारा से इत्तेफ़ाक रखते हैं। बड़ी तादाद में ऐसे नागरिक हैं जो चाहते हैं कि कांग्रेस मजबूत हो लेकिन वे उसकी मदद नहीं कर पाते। ये सामान्यजन होते हैं जो अल्प राशि ही देने में सक्षम हैं। वे निश्चित ही आगे आयेंगे। इससे कांग्रेस की नीतियों, कार्यक्रमों एवं योगदान का चर्चा आम हो सकेगा जिसका उसे चुनावी लाभ भी मिलेगा। अभियान न सिर्फ पार्टी को भाजपा से लड़ने का हौसला देगा वरन उसके वोट बैंक में भी बड़ा इज़ाफ़ा करेगा। कांग्रेस को दो-तीन बातों का अवश्य ख्याल रखना होगा। पहला तो यह कि संग्रहित राशि पारदर्शी हो और वह उसे बहुत समझदारी के साथ खर्च करे। इसमें उसे एक-एक पाई का हिसाब रखना होगा वरना उसे बदनाम करने का कोई अवसर भाजपा व उसका आईटी सेल हाथ से जाने नहीं देगा।


# पैसे से कांग्रेस की सेहत नहीं सुधरेगी!

हर पार्टी का अपना नेचर होता है। भाजपा में हवा हवाई बातें चल जाती हैं। मगर कांग्रेस में नुकसान कर जाती हैं। भाजपा के साथ एक तो मीडिया होता है दूसरे उसके और संघ के कार्यकर्ता जो इस बात को भी मिनटों में घर-घर पहुंचा सकते हैं कि गणेश जी दूध पी रहे हैं या राहुल पप्पू हैं और मोदी जो चाहे कर सकते हैं। लेकिन कांग्रेस के पास अगर ठोस बातें और जनपक्षीय कार्यक्रम नहीं हैं तो केवल प्रयोग के लिए प्रयोग से या प्रतीकात्मकता से उसे कोई फायदा नहीं होता उल्टा नुकसान ही होता है।

ईवीएम एक ऐसा ही प्रयोग था जिससे आज कांग्रेस ही सबसे ज्यादा परेशान है। ईवीएम कांग्रेस ही लाई थी। नोटा भी वही लाई। आरटीआई भी। ये सब उसके लिए घातक साबित हुए। बिना जनता के स्तर को ऊपर उठाए अति आदर्शवादी व्यवस्था, नए प्रयोग, उस पार्टी के लिए हमेशा नुकसानदेह होता है जिसे जनता वास्तविक आधारों पर जांचती है। कांग्रेस जब मनरेगा लाती है, किसानों की कर्ज माफी करती है तो लाभान्वित हुए लोगों के सीधे समझ में आता है। और वह 2009 में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए को वापस ले आते हैं। मगर 2012 के बाद जब वही कांग्रेस अन्ना जी, अन्ना जी करने लगती है तो जनता उसे पसंद नहीं करती। अन्ना जी को लाने वाले ओरिजनल लोगों के साथ चली जाती है।

इन विधानसभा चुनावों में हार के लिए ईवीएम एक कारण हो सकता है! होगा। लेकिन अगर ऐसा है तो कांग्रेस ने इसके खिलाफ कौन सी मुहिम शुरू की। आडवानी ने 2009 के चुनाव हार जाने के बाद बाकायदा इसके खिलाफ एक मुहिम शुरू की थी। अपने पार्टी के नेता जीवीएल नरसिम्हा राव से किताब लिखवाई थी। खुद उस ईवीएम विरोधी किताब की प्रस्तावना लिखी थी। मगर 2019 के लोकसभा चुनाव और उससे पहले 2017 में हुए कई विधानसभा चुनावों के बाद कांग्रेस ने इस पर सवाल तो हमेशा उठाए मगर कोई निर्णायक आन्दोलन शुरू नहीं किया। हमें याद है 2017 के बाद जब राहुल कांग्रेस अध्यक्ष बन गए थे तो दिल्ली के इन्दिरा गांधी ओपन स्टेडियम के कांग्रेस सम्मेलन में उन्होंने ईवीएम पर सवाल उठाए थे। कांग्रेस ने इसके खिलाफ एक प्रस्ताव भी पारित किया था। मगर बाद में कोई फालोअप नहीं हुआ। कांग्रेस पूर्व ब्यूरोक्रेटस की, जो चुनाव कार्यों से जुड़े रहे, एक कमेटी बना सकती थी। उनसे जांच करवा सकती थी। कई रिटायर वरिष्ठ अफसरशाह कांग्रेस से जुड़े हुए हैं।

मशीन में गड़बड़ी करने वालों को सख्त मैसेज दे सकती थी। जैसे गडकरी ने बोला था यूपीए के समय, जब उनकी जांच चल रही थी कि किसी भी अफसर को छोड़ेंगे नहीं। वैसे ही सख्त भाषा में बोल सकती थी। आखिर कोई भी डिपार्टमेंट हो, करता तो इंसान ही होगा ना ईवीएम में गड़बड़ी। उसे चेताया तो जा सकता है! मगर कांग्रेस ने हर हार के बाद बोला तो जरूर मगर कोई गंभीर पहल नहीं की। और फिर जनता के मन में यह भी सवाल उठता है कि 2014 में तो कांग्रेस बुरी तरह हारी। तब तो केन्द्र में उसी की सरकार थी। तब भी क्या ईवीएम मैनेज कर ली गई थी? और अगर कांग्रेस के शासन में कांग्रेस के ही खिलाफ ईवीएम मैनेज की जा सकती है तो फिर बात करना ही बेकार है!



शकील अख्तर

> जो गांधी का मूल उद्देश्य था और देवीलाल का हमने बताया कि पैसा नहीं उसके पीछे जोड़ने की भावना? तो इसके लिए कांग्रेस को अपनी नई टीम सामने लानी होगी। एक साल से ज्यादा समय हो गया है, नए अध्यक्ष भी लिखना अब अजीब लगता है, पुराने हो गए उन खरगे जी की टीम अभी तक नहीं बनी है। गैर-जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं।

हालांकि इसमें इतने आश्चर्य की बात नहीं। 2012 से 2014 तक पूरी अफसरशाही, दूसरी संस्थाएं मीडिया सब पूरी तरह कांग्रेस के विरोध में हो गए थे। भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में 2012 से 2014 तक सबसे कमजोर सरकार रही। इतनी

तो चन्द्रशेखर की सरकार भी कमजोर नहीं थी।

सत्ता से बाहर कांग्रेस को दस साल हो रहे हैं। और दो हार के बाद तीसरा चुनाव 2024 सिर पर खड़ा है। मगर अभी तक वह अपनी असली समस्या को समझ नहीं पा रही है। मामला हार्ट और ब्रेन का है। नेताओं के कमजोर दिल और निहित स्वार्थी दिमाग का! मगर पार्टी कास्मेटिक सर्जरी कर रही है।

अभी एक नया शिगूफा छेड़ा। क्राउड फंडिंग। राजनीति में यह सफल प्रयोग किया था देवीलाल ने। एक वोट एक नोट! जोर वोट पर था। नोट तो उनसे ज्यादा कोई खर्च कर नहीं सकता। उस समय जिप्सी नई गाड़ी आई थी। चुनाव में पुरानी

महिन्द्रा और विलीज जीपें चलती थीं। गांवों में यही जा पाती थीं। 1989 में देवीलाल ने जनता दल के अपने सारे लोकसभा प्रत्याशियों के पास नई सफेद चमचमाती जिप्सी पहुंचा दी थीं। आज के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ उसी समय अपना पहला चुनाव लड़े थे। और जीते थे। राजस्थान के झुन्झुनू से। खुद देवीलाल पड़ोस के सीकर से लड़ रहे थे। इसे शेखावाटी का इलाका कहते हैं।

जाट बेल्ट। उस समय के लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ को हराया था। खैर वह बात वोट और नोट की थी। तो वोट तो मिले ही। और नोट तो प्रतीकात्मक था। तो सारी जिप्सियां वहीं कार्यकर्ताओं को दे आए थे।

देवीलाल शाहखर्च थे। कांग्रेसी भी हैं। मगर दूसरे के पैसे खर्च करने में। अपना तो सब ने दबाकर रखा हुआ है। पता नहीं किस काम आएगा! जिनके पास रखा है वह कोई नहीं लौटाते हैं। बच्चे बेवजह परेशान होकर घूमते रहते हैं। इससे बेहतर है पार्टी को दे दें। मगर नहीं देंगे। पार्टी से और कुछ मिल जाएगा तो ले लेंगे।

खैर तो यहां कांग्रेस ने गांधी जी को याद किया है। मगर यह भूल गए कि गांधी महामितव्ययी थे। थर्ड क्लास में चलते थे। यहां तो हर नेता को

चार्टेड प्लेन चाहिए। शहर के सबसे अच्छे होटल का सबसे महंगा सुइट। बड़ी गाड़ी, सेवा में चार कार्यकर्ता। लगा लें हिसाब कांग्रेस कि जब पैसा नहीं है तो नेताओं ने जिनमें कुछ बड़े नेता छोड़ भी दो तो छोटे और मंझौले दर्जे के नेताओं के चुनाव में घूमने पर कितना खर्चा आया है। और कितने इन्होंने अपनी प्रदर्शनप्रियता और अफालतूनी रवैये से वोट कटवाए हैं। कितने भले कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को गालियां दी हैं।

अपनी क्राउड फंडिंग को गांधी जी के 1920- 21 तिलक स्वराज कोष से प्रेरित बताना तो ठीक है मगर उनकी तरह पाई-पाई का हिसाब क्या कांग्रेस दे पाएगी? जनता पैसे देगी तो क्या हिसाब नहीं मांगेगी?

और फिर वही बात जो गांधी का मूल उद्देश्य था और देवीलाल का हमने बताया कि पैसा नहीं उसके पीछे जोड़ने की भावना? तो इसके लिए कांग्रेस को अपनी नई टीम सामने लानी होगी। एक साल से ज्यादा समय हो गया है, नए अध्यक्ष भी लिखना अब अजीब लगता है, पुराने हो गए उन खरगे जी की टीम अभी तक नहीं बनी है। गैर-जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं। अभी देखा कि कमलनाथ को जिन्हें पांच साल से ज्यादा कांग्रेस ने एकछत्र काम करने का मौका दिया। वह संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और प्रभारी रणदीप सुरजेवाला को

व्यंगतात्मक बधाई और शुभकामनाएं दे रहे हैं। शुक्र है सोनिया और राहुल पर अटैक नहीं किया। अपने बेटे नकुलनाथ का राजनीतिक भविष्य ध्यान में आ गया होगा।

यह हाल है कांग्रेसियों का। सब कुछ देने के बाद भी थैंकफुल होने के बदले थैंकलेस ही नहीं कटुता दिखाते हैं। कभी आडवानी, मुरली मनोहर जोशी या रविशंकर प्रसाद, प्रकाश जावड़ेकर, विजय गोयल या हां अभी ताजा शिवराज सिंह चौहान या वसुंधरा राजे के मुंह से एक भी शब्द नकारात्मक सुना!

कांग्रेस में ऐसे नेताओं की भरमार है बड़े नेताओं की जो सब कुछ पाकर भी पार्टी और नेता पर हमले करते हैं। प्रणव मुखर्जी को राष्ट्रपति बनाया।

मगर संघ मुख्यलय नागपुर जा पहुंचे। बेटी को दिल्ली का चीफ स्पोकसपर्सन। मगर वह किताब लिखकर राहुल और सोनिया को कोस रही हैं। जी 23 इन कांग्रेसियों ने ही बनाया था ना! अब फिर कमजोर दिख रही है तो 23 से ज्यादा भी इकट्ठा हो जाएंगे।

कांग्रेस की समस्या यह है, कृतध्न नेता! जब तक मलाई मिलेगी चिपटे रहेंगे। फिर गालियां देंगे। इन पर सख्ती जरूरी है। थोड़े हों, कम हों पर विश्वसनीय हों। कार्यकर्ता राहुल के साथ हैं। उन्हें ही आगे लाना होगा। क्षत्रपों को भाव देना बंद करना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)

# कांग्रेस पश्चिम बंगाल में चुन सकती है तृणमूल के साथ गठबंधन का विकल्प

■ सात्यकी चक्रवर्ती

19 दिसंबर को नई दिल्ली में भारत के घटक दलों की बैठक की पूर्व संध्या पर कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों से उपलब्ध सभी संकेत बताते हैं कि कांग्रेस आलाकमान बंगाल में भाजपा से मुकाबले के लिए संयुक्त रूप से 2024 लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए तृणमूल कांग्रेस के साथ चुनावी गठबंधन बनाने की इच्छुक है।

इसका मतलब यह है कि अगर कांग्रेस-टीएमसी गठबंधन आकार लेता है तो कांग्रेस को राज्य स्तर पर सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे के साथ अपना गठबंधन खत्म करना होगा। अब तक कांग्रेस और सीपीआई (एम) दोनों राज्य में सत्तारूढ़ टीएमसी से लड़ रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर चौधरी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य में उनके शासन की आलोचना करने में सबसे मुखर रहे हैं। वह इस स्थिति पर कायम रहे हैं कि राज्य कांग्रेस सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे के साथ गठबंधन में भाजपा और टीएमसी दोनों से एक साथ लड़ेगी।

वर्तमान लोकसभा में, कांग्रेस के पास दो, भाजपा के पास 17 और टीएमसी के पास 23 सीटें हैं। 1964 में अपने गठन के बाद पहली बार सीपीआई (एम) के पास बंगाल से लोकसभा में कोई सीट नहीं है। 2019 के लोकसभा चुनावों में, भाजपा को 18 सीटें मिलीं, लेकिन आसनसोल में बाद में हुए चुनावों में, टीएमसी ने भाजपा को हरा दिया और इसलिए भाजपा की ताकत घटकर 17 हो गई। इसके अलावा 2019 के एक और भाजपा विजेता अर्जुन सिंह ने भाजपा छोड़ दी और तृणमूल में शामिल हो गये, हालांकि आधिकारिक तौर पर वह अभी भी भाजपा के लोकसभा सदस्य माने जाते हैं। वहीं, बंगाल विधानसभा में भाजपा के विपक्षी नेता शुभेन्दु अधिकारी के पिता और काठी लोकसभा सांसद सिसिर अधिकारी ने टीएमसी से नाता तोड़ लिया है तथा वह अब अपने बेटे का समर्थन कर रहे हैं।

2019 के लोकसभा चुनाव के बाद से पिछले पांच वर्षों में बंगाल के चुनावी परिदृश्य में टीएमसी के पक्ष में काफी बदलाव आया है। 2021 के विधानसभा चुनाव के नतीजों से पता चला कि टीएमसी दक्षिण बंगाल के सभी जिलों में भाजपा से अपना खोया हुआ आधार वापस पाने में सफल रही है, लेकिन उत्तर बंगाल में भाजपा का प्रभाव अभी भी बना हुआ है। टीएमसी ने खुद अपना सर्वेक्षण किया है और उससे पता चला कि उत्तर बंगाल की छह लोकसभा सीटों पर जहां 2019 में भाजपा ने जीत हासिल की थी, वहां टीएमसी अपने दम पर उन्हें हराने की स्थिति में नहीं है, लेकिन अगर कांग्रेस के साथ गठबंधन होता है, तो छह में से कम से कम पांच सीटों पर भाजपा को हार मिल सकती है। सच तो यह है कि कांग्रेस अपने दम पर कोई भी सीट जीतने की स्थिति में नहीं है, लेकिन उत्तर बंगाल की कुछ सीटों पर उसका वोट आधार 5 फीसदी से 12 फीसदी के बीच होने से टीएमसी-कांग्रेस गठबंधन को जीत मिल सकती है।

जहां तक कांग्रेस आलाकमान का सवाल है तो सूत्रों का कहना है कि उसका अपना आकलन कथित तौर पर दिखाता है कि कांग्रेस और सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा का गठबंधन एक साथ टीएमसी से लड़कर भाजपा को हराने की स्थिति में नहीं है। कांग्रेस के अध्ययन में हाल के चुनावों में सीपीआई (एम) के वोट शेयर का विश्लेषण किया गया है। इसका आकलन बताया गया है कि अगर टीएमसी और सीपीआई (एम) के बीच कोई विकल्प चुनना है, तो 2024 के लोकसभा चुनावों में सीटों की बढ़ोतरी निश्चित करने के लिए टीएमसी के साथ गठबंधन कांग्रेस के लिए वांछनीय है।

सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 4 दिसंबर को टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी के साथ अपनी बातचीत में विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटक राजनीतिक दलों को बंगाल में संयुक्त रूप से लड़ने की आवश्यकता का उल्लेख किया था, जिस पर वह सहमत हुईं और उन्हें जल्द से जल्द सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू करने के लिए कहा। दोनों ने 19 दिसंबर को इंडिया गठबंधन की बैठक में सीट बंटवारे पर चर्चा को आगे बढ़ाने का फैसला किया है।

अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में, टीएमसी ने चर्चा के पहले चरण में कांग्रेस को तीन सीटों की पेशकश की है, दो वर्तमान सीटें बरहामपुर और मालदह दक्षिण भी शामिल है। इसके अलावा खबर है कि टीएमसी ने कांग्रेस को रायगंज सीट की पेशकश की है। यह सीट अब भाजपा के पास है। कांग्रेस कम से कम छह सीटों की तलाश में है। लेकिन टीएमसी सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस की सीटों में और बढ़ोतरी इस बात पर निर्भर करेगी कि कांग्रेस असम में टीएमसी को एक सीट और मेघालय में एक सीट पर सहमत होगी। ध्यान रहे कि असम में 14 लोकसभा सीटें और मेघालय को दो लोकसभा सीटें हैं।

> कांग्रेस आलाकमान की बात है, हिंदी पट्टी से पर्याप्त सीटें पाने की उसकी पहले की उम्मीदों को राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों के नतीजों के बाद कुछ झटका लगा है। कांग्रेस बंगाल सहित किसी भी राज्य में अपनी मौजूदा लोकसभा सीटें छोड़ने को तैयार नहीं है। यह देखना होगा कि क्या बंगाल कांग्रेस दिल्ली नेतृत्व के अनुरूप चलती है।

टीएमसी उत्तर बंगाल के जिलों पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो भाजपा का सबसे मजबूत क्षेत्र और टीएमसी के लिए सबसे कमजोर क्षेत्र है। दक्षिण बंगाल के जिलों में अब टीएमसी का दबदबा कायम है जहां भाजपा को हराने के लिए पार्टी को वस्तुत: किसी समर्थन की जरूरत नहीं है। लेकिन उत्तर बंगाल के जिलों में 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद से भाजपा की ताकत में थोड़ी गिरावट आई है। फिर भी यह अच्छी संख्या में सीटें पाने के लिए पर्याप्त है। उत्तर बंगाल के जिलों की छह सीटों में अलीपुर दुआर, बालुरघाट, कूचबिहार, दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी और रायगंज शामिल हैं। इन सीटों पर भाजपा का वोट शेयर 59 फीसदी से लेकर न्यूनतम 40 फीसदी तक रहा था।

2014 के लोकसभा चुनाव में टीएमसी को कुल 42 सीटों में से 34 सीटें मिली थीं, जो 2019 के चुनाव में वह घटकर 22 सीटों पर आ गई। अब टीएमसी फिर से 34 सीटों की उस ताकत को बहाल करने पर काम कर रही है। जहां तक कांग्रेस आलाकमान की बात है, हिंदी पट्टी से पर्याप्त सीटें पाने की उसकी पहले की उम्मीदों को राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों के नतीजों के बाद कुछ झटका लगा है। कांग्रेस बंगाल सहित किसी भी राज्य में अपनी मौजूदा लोकसभा सीटें छोड़ने को तैयार नहीं है। यह देखना होगा कि क्या बंगाल कांग्रेस दिल्ली नेतृत्व के अनुरूप चलती है या आलाकमान प्रदेश पार्टी नेतृत्व को संगठन के हित में वाम मोर्चा के साथ गठबंधन करने की अनुमति देता है।

## गुरवाणी विचार

### जप मन सतनाम सदा सतनाम

थाल विच तिनि वस्तु पइओ-सत संतोख विचारो।  
अमृत नाम ठाकुर का पइओ -जिसका सबस आधारो।।  
जे को खावै जे को भुंचे-तिस का होय उधारो।  
ऐह वसतु तजी नहीं जाई-नित नित रख उरिधारो।।  
तम संसार चरण लगि तरीअै -सब नानक ब्रह्म पसारो।

गुरवाणी की इन पंक्तियों में पंचम नानक गुरु अर्जुन देवजी मानव मन को समझाइश देते हुए फरमा रहे हैं कि यह सारा संसार एक बहुत बड़ा थाल है। इस संसार रूपी थाल में तीन वस्तुएं सत्य, संतोष और विचार सृष्टि मान हो रहे हैं। इन तीनों वस्तुओं पर विचार करने पर पूरा इंसानी आध्यात्म समझ आ सकता है। क्योंकि यह तीनों वस्तुएं प्रभु नाम के मूल पदार्थ से उपजी हैं। प्रभु परमात्मा का नाम ही हर इंसान का जीवन ढाल सकता है। यही प्रभु परमात्मा नाम ही हर इंसान का ही ओट, आसरा है। इस नाम प्राप्ति हेतु उपरोक्त तीन चीजों की आवश्यक रूप से आवश्यकता है।

गुरुदेव ममझा रहे हैं कि थाल में मौजूद आत्मिक भोजन का सेवन करने वाले हर प्राणी का यकीनन रूप से भला होगा ही होगा। ये तीनों वस्तुएं हमें संभाल कर रखनी होगी और अपने जीवन में इन तीनों वस्तुओं का अमल करते रहना होगा। सत्य पर चल कर ही हम इस संसार में अपना आदर्श कायम कर पाएंगे बल्कि सत्य पर चल कर ही हम प्रभु परमात्मा की प्राप्ति भी कर वाएंगे। प्रभु का नाम भी सत्य ही है इसलिए तो हमें गुरवाणी द्वारा समझाइश दी गई है कि -जप मन सतनाम सदा सतनाम।

आगे संतोष के बारे में बताया गया है संतोष हमारे जीवन के लिए एक आवश्यक वस्तु है। संतोष एक ऐसा धन है जिसके आने पर हमें सारे धन धूरि के समान महसूस होने लगते हैं कहा भी गया है -

गौ धन गज धन बाज धन।  
और रतन धन खान जब आवै  
संतोख धन सब धन धूरि समान।।

फिर विचार धन का मतलब है प्रभु नाम का सिमरन बंदगी करते रहने प्रभु नाम का सिमरन (विचार)करते रहने पर हम प्रभु परमात्मा की प्राप्ति कर पाते हैं। इसीलिए तो हमें बार-बार हिदायत दी जाती है कि-

सांस सांस सिमरो गोविंद।  
मन अंतरि की उतरे चिंद।। फिर हमें समझाया गया है  
सिमरो सिमर सिमर सुख पाओ।  
कलि कलेष तन माहि मिटाओ।।

इस संसार में हमारा मानव जीवन पाकर आना भी तभी सार्थक समझा जाएगा। जब हम प्रभु परमात्मा द्वारा दी गई प्रत्येक श्वांस रूपी पूंजी का प्रभु नाम सिमरन में खर्च करें। कुछ लोग इस बात पर किंतु परंतु करते हैं कि हर वक्त प्रभु नाम सिमरन करते रहने पर हम उदर पोषण अपने और अपने परिवार का कैसे कर पाएंगे तो वे इस बात को भूल जाते हैं कि जिस प्रभु परमात्मा ने हमें इस संसार में भेजा है वह हमारे खाने-पीने की व्यवस्था पहले लिख देता है- तूं जग उत्ते पिछों आवें। उह पहले लिख जांदा है।।

प्रभु परमात्मा में ब्यालीस लाख जीव जल में रखे हैं उनकी भी रोजी रोटी का वह इंतजाम कर रहा है। फिर हमें हाथ पांव से तो अपने उदर पोषण हेतु कार विहार करना ही है पर मन हमारा निरंकार से जुड़ना चाहिए। जिस तरह एक पतंग बाज आसमान में पतंग उड़ाता है। अपने साथ खड़े संगी साथियों से बातचीत भी करता रहता है पर ध्यान उस उसका पतंग पर ही रहता है। कब डोर छोड़नी है, कब खींचनी है। इस बात का पूरा ध्यान रखता है। ठीक इसी प्रकार हमें मन निरंकार के साथ जोड़ना है।

नाम कहे तिलोचना मुख ते नाम संभाल।  
हाथ पांव से काम सब चित निरंजन नाल।।

सत संतोख पर चलते हुए प्रभु नाम पर विचार (सिमर बंदगी) करते हुए इस संसार समुंद्र से हम अपनी जीवन नौका से खेकर प्रभु परमात्मा के सांचे दरबार में उजले मुख से जा सकते हैं। इसी प्रकार प्रभु परमात्मा की रजा पर चलते रहने पर हमें इस बात का ज्ञान हो पाएगा कि प्रभु परमात्मा का नाम ही सदा सत्य है। सच्चा आचरण रखकर सच्चा विचार रखकर ही हमें जीवन की सूझ प्राप्त हो पाती है। इन तीनों सूत्रों पर चलकर ही हम इस लोक में सुखपूर्वक जीवनयापन कर उजले मुख से परलोक गमन कर जहां पर सुख ही सुख, आनंद ही आनंद की प्राप्ति कर पाएंगे।

इंदर सिंह आहुजा

## आपके पत्र

### गांव को विकास से जोड़ती सड़क

वैसे तो देश के विकास में सभी क्षेत्रों का समान योगदान होता है। लेकिन इसमें सड़कों की सबसे बड़ी भूमिका होती है। कहा जाता है कि जर्जर सड़क से विकास नहीं गुज़र सकता है। यानि जिस क्षेत्र की सड़क बेहतर स्थिति में नहीं होगी वहां अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा विकास की रफ़्तार धीमी रहती है। निवेश जो अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहलाती है, इसी सड़क की बेहतरी पर निर्भर करता है। कहा जाए तो उन्नत सड़कें विकास की निशानी है। सड़क के इसी महत्व को समझते हुए पूर्व में अटल बिहारी वाजपयी की सरकार में इस पर विशेष ध्यान दिया गया। न केवल राष्ट्रीय राजमार्गों की हालत सुधारी गई बल्कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गांव-गांव तक सड़कों का जाल बिछा दिया गया। वर्तमान की मोदी सरकार में केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भी देश में सड़कों की स्थिति को बेहतर बनाने में लगातार प्रयास कर रहे हैं।

खस्ताहाल सड़क ने केवल अर्थव्यवस्था को ही नहीं बल्कि गांव की किशोरियों की शिक्षा को भी प्रभावित किया है। 17 वर्षीय मालती कहती है कि 12वीं की पढ़ाई के लिए उसे 8 किमी दूर लूणकरणसर ब्लॉक स्थित उच्च विद्यालय जाना पड़ता था। लेकिन ख़राब सड़क के कारण गांव से बहुत कम यात्री गाड़ी चलती है। आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं है कि माता-पिता उसे स्कूटी दिला सकें। जिसकी वजह से उसे 10वीं के बाद शिक्षा छोड़नी पड़ी। वह बताती है कि कुछ जगह सड़क को ईंटों से ठीक किया गया है, लेकिन पूरी सड़क को जब तक बेहतर नहीं बनाया जाता है, लोगों को परेशानी होती रहेगी। 52 वर्षीय निवासी प्रेमनाथ जाट बताते हैं कि इस सड़क को आठ साल पहले भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत बनाया गया था, लेकिन उसके बाद आज तक इसकी मरम्मत नहीं की गई, परिणामस्वरूप यह सड़क धीरे-धीरे जर्जर होती चली गई। वह कहते हैं कि गांव के लोग रात में बहुत ज़रूरी होने पर ही सड़क से आने या जाने का काम करते हैं। यदि प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं देगा और सड़क की मरम्मत नहीं होगी तो यह गांव विकास के क्षेत्र में पिछड़ता चला जायेगा।

इस संबंध में ग्राम सेवा सहकारिता समिति के अध्यक्ष आसुराम बताते हैं कि इस सड़क के लिए 50 फ़ीट जगह छोड़ी गई थी लेकिन इसे केवल 20 फ़ीट में ही बनाया गया। छोटी और टूटी होने के कारण ग्रामीणों को प्रतिदिन समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यदि इस सड़क के निर्माण के लिए टेंडर निकालने में कोई रुकावट है तो इसका निर्माण मनरेगा के तहत भी किया जा सकता है। इससे जहां सड़क की स्थिति सुधर जायेगी तो वहीं मनरेगा तहत लोगों को काम भी मिल जायेगा। आसुराम कहते हैं कि गांव की इस सबसे बड़ी ज़रूरत को पंचायतीराज संस्थाओं के माध्यम से जल्द पूरा किया जाना चाहिए क्योंकि सड़क ही वह माध्यम है जो विकास के नए द्वार को खोलने में बड़ी भूमिका निभाता है। यह केवल आवागमन का ही माध्यम नहीं है बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था भी इसी सड़क से ही जुड़ी होती है।

तमन्ना बानो, लूणकरणसर राजस्थान

मुख्यमंत्री ने विजय दिवस के शहीदों को किया नमन

# हमें हमारी सेना पर गर्व है : मुख्यमंत्री



- शौर्य स्मारक स्थित शौर्य स्तंभ पर किया पुष्प-चक्र अर्पित
- भारत माता की प्रतिमा पर की पुष्पांजलि अर्पित

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विजय दिवस के अवसर पर भोपाल के शौर्य स्मारक स्थित शौर्य स्तंभ पर लास्ट पोस्ट धुन के बीच पुष्प-चक्र अर्पित कर अमर शहीदों को नमन किया एवं उनके शौर्य, अदम्य साहस और बलिदान का स्मरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विजय दिवस के अवसर पर भोपाल के शौर्य स्मारक स्थित शौर्य स्तंभ पर लास्ट पोस्ट धुन के साथ पुष्प-चक्र अर्पित कर अमर शहीदों को नमन किया एवं उनके शौर्य, अदम्य साहस और बलिदान का स्मरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शौर्य स्मारक स्थित भारत माता की प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शौर्य स्मारक पर मीडिया के प्रतिनिधियों से चर्चा में कहा कि आज का दिन भारत वर्ष के लिए गौरव का दिन है। आज भारत ने पाकिस्तान पर विजय प्राप्त की थी और उसे पश्चिमी व पूर्वी पाकिस्तान के रूप में दो भागों में बांटा था, यह हमारे सैनिकों के पराक्रम की पराकाष्ठा थी। सेना के तीनों अंगों, वायु सेना-थल सेना व जल सेना ने भारत सरकार के निर्णय का द्रुत गति से पालन करते हुए पाकिस्तान के 93 हजार सैनिकों को बंदी बनाकर उनकी योजना को असफल किया था। देश को यह गौरवशाली क्षण देने वाले सभी बलिदानी अमर शहीदों का स्मरण करते हुए उनके शौर्य और पराक्रम को नमन है। हमें हमारी सेना पर गर्व है। इस अवसर पर पूर्व वन मंत्री कुंवर विजय शाह उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

## युवकों पर कार्रवाई से जुड़े प्रकरण में जांच होगी

**भोपाल, देशबन्धु।** हाल ही में ग्वालियर में विश्वविद्यालय कुलपति को अटैक आने पर उन्हें अस्पताल में एडमिट कराकर उनकी जीवन रक्षा का प्रयास करने वाले विद्यार्थी परिषद के दो युवकों पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई और संपूर्ण घटना की जांच होगी।

इस प्रकरण में युवकों द्वारा अनधिकृत रूप से वाहन के उपयोग और युवकों पर की गई कार्यवाही के संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जांच के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिए हैं कि युवकों पर डकैती की धारा लगाना न्यायोचित नहीं लगता क्योंकि युवक आपराधिक पृष्ठभूमि के नहीं हैं। युवकों द्वारा मानवीय दृष्टि से तो सही कार्य किया गया लेकिन यह सही है कि युवकों का तरीका गलत था। यह मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा मामला है।

प्रधानमंत्री ने मप्र सहित 5 राज्यों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का वर्चुअली शुभारंभ किया, कहा-

# हर झुग्गी-झोपड़ी तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाना है



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वर्ष 2047 तक भारत विकसित देश होगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा का यही उद्देश्य है। हम सभी अच्छा करें और देश को अच्छा बनाये। संकल्प यात्रा के माध्यम से हर झुग्गी-झोपड़ी तक शासन की सभी योजनाओं का लाभ पहुँचे, सब मिलकर ऐसे प्रयास करें। संकल्प यात्रा में जाने वाली मोदी की गारंटी वाली गाड़ी, जनता को हर योजना का लाभ देगी।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आज मध्यप्रदेश सहित देश के 5 राज्यों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हरी झण्डी दिखाकर वर्चुअली शुभारंभ किया। उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से वर्चुअली संवाद भी किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जहाँ दूसरों की उम्मीद खत्म होती है, वहाँ मोदी की गारंटी शुरू होती है। सरकार न केवल हर व्यक्ति को भोजन, स्वास्थ्य, आवास आदि की गारंटी दे रही है, अपितु सामाजिक सुरक्षा भी प्रदान कर रही है। गाँवों के विकास के साथ ही शहरों का भी तेज गति से विकास किया जा रहा है। पहले केवल बड़े शहरों का विकास होता था, अब भारत के टू-टियर और थ्री-टियर शहरों का भी विकास हो रहा है। भारत में 6 करोड़ छोटे शहर हैं। अमृत मिशन और स्मार्ट सिटी मिशन जैसी योजनाओं के माध्यम से इनका भी समग्र विकास किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की पेंशन और सुरक्षा योजनाओं से जुड़ें। अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना का लाभ लें। इन योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों के खाते में 17 हजार करोड़ रूपये पहुँच चुके हैं। आयुष्मान भारत योजना में अभी तक हितग्राहियों को एक लाख करोड़ रूपये का नि:शुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा चुका है। जन औषधि केन्द्रों के माध्यम से 80 प्रतिशत कम कीमत पर दवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि सरकार गाँव से शहरों में काम के लिये आये व्यक्तियों का पूरा ध्यान रखती है। वन नेशन-वन राशन कार्ड योजना के माध्यम से कहीं भी राशन प्राप्त किया जा सकता है। इन योजनाओं का लाभ लें।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ, 3 रथों को किया रवाना



**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत शनिवार से हो गई है। जिला स्तर पर मुख्य कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे समागम हॉल में हुआ, जिसमें विधायक, महापौर, निगम अध्यक्ष, कलेक्टर समेत जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इन्होंने तीन रथों को हरी झंडी भी दिखाई। यह रथ रविवार से गांव-गांव घूमेंगे। वहीं यात्रा जिले की सभी पंचायतों में भ्रमण करेगी।

कार्यक्रम में विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, कलेक्टर आशीष सिंह, एमआईसी मेंबर राजेश हिंगोरानी, मनोज राठौर, रविंद्र यती, आरके सिंह, जगदीश यादव, सुषमा बावीसा, छाया ठाकुर समेत पार्षद मौजूद थे। उन्होंने उपस्थित लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा और फिर यात्रा के रथों को रवाना किया गया। बताया गया है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में 17 दिसंबर को भोपाल के फंदा ब्लॉक में ग्राम पंचायत तूमड़ा एवं पाठनिया में, 18 दिसंबर को बरखेड़ा सालम एवं शाम को रसूलिया पठार में, 19 दिसंबर को खजूरी सड़क एवं फंदा कलां टीलाखेड़ी, सांईस्ताखेड़ी और पिपलिया धाकड़ में, 20 दिसंबर को नादनी, सेमरी बाज्यापत, मूंडला, सिकंदराबाद में, 21 दिसंबर को बड़झिरी, भानपुर केकड़िया और आमला में कार्यक्रम होंगे।

बैरसिया ब्लॉक में 17 दिसंबर को ग्राम पंचायत गुनगा एवं कलारा में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 18 दिसंबर को पंचायत भवन भैंसोंदा, सोनकच्छ, बरखेड़ा बरामद, सेमरीकलां, रोंडिया, इजगिरी, कुटकीपुरा, उनिदा में, 19 दिसंबर को बर्रीबगराज, कोटरा चौपड़ा, पंचायत भवन जैतपुरा, जूनापानी, गांगापिपलिया, महौली, धर्मरा में, 20 दिसंबर को पंचायत भवन हर्राखेड़ा, ऊंटखेड़ा, पारदी, पीपलखेड़ा, खादमपुर, दिल्लौद, बाज्याप्त, गरेठिया दांगी में, 21 दिसंबर को पंचायत भवन बरोड़ी, अर्रावती, सूरजपुर, उमरिया, सिंधोपड़ा, रमाहा, खाताखेड़ी, कोल्हूखेड़ी में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

विधानसभा का सत्र कल से, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, परिचय पत्र दिखाना अनिवार्य

# आगंतुकों को कड़ी जांच के बाद ही मिलेगा प्रवेश



**भोपाल, देशबन्धु।** संसद में हुई घटना के बाद से मध्य प्रदेश विधानसभा सचिवालय अलर्ट है। 18 दिसंबर से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं. परिसर में सीमित संख्या में ही लोगों को प्रवेश दिया जाएगा, साथ ही आगंतुकों को कड़ी सुरक्षा जांच से गुजरना होगा. विधानसभा सचिवालय ने फैसला किया है कि विधायक की अनुशंसा पर सिर्फ एक व्यक्ति को ही परिसर में प्रवेश मिलेगा। विधानसभा प्रमुख सचिव एपी सिंह ने समीक्षा बैठक की। उन्होंने इस बारे में जरूरी निर्देश भी दिए। विधानसभा सचिवालय ने तय किया है कि विधायक की अनुशंसा पर सिर्फ एक ही व्यक्ति को विधानसभा परिसर में प्रवेश दिया जाएगा।

विधानसभा सचिव एपी सिंह के अनुसार विधानसभा सचिवालय से आगंतुकों के प्रवेश पत्र बनाए जाएंगे. आगंतुकों को अपने साथ अपना पहचान पत्र भी लाना अनिवार्य होगा. इसमें आधार कार्ड, वोटर कार्ड या फिर अन्य पहचान पत्र हो सकते हैं. प्रवेश पत्र के साथ परिचय पत्र भी दिखाना अनिवार्य होगा।

सुरक्षा चूक के बाद लोकसभा अध्यक्ष ने सांसदों को लिखा खत

# उच्च स्तरीय कमेटी कर रही जांच, राजनीति न करें

गरिमा बनाए रखने के लिए किया सांसदों को किया निलंबित



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** संसद की सुरक्षा में सेंध को लेकर विपक्षी हमलों के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सभी सांसदों को पत्र लिखा है. पत्र में उन्होंने सांसदों से संसद में हुई घटना पर राजनीति न करने का आग्रह किया। साथ ही स्पीकर ने बताया कि सदन के अंदर हुई घटना की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। पत्र में लोकसभा अध्यक्ष ने पूर्व में हुई घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा, 'दुर्भाग्यपूर्ण है कि सांसदों के निलंबन की घटना को इस घटना से जोड़कर देखा जा रहा है, जबकि इससे पहले भी तमाम घटनाएं हो चुकी हैं जिसका देश साक्षी रहा है।'

### छठे आरोपी को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** दिलली की एक अदालत ने संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले में छठे आरोपी महेश कुमावत को शनिवार को एक सप्ताह की पुलिस हिरासत में भेज दिया। इससे पहले शुक्रवार को मामले के कथित मास्टरमाइंड ललित झा को भी सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था। उसी अदालत ने गुरुवार को चार आरोपियों सागर शर्मा, मनोरंजन डी, नीलम आज़ाद और अमोल शिंदे को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था। इन चारों को बुधवार को लोक सभा के अंदर और संसद भवन परिसर के बाहर से गिरफ्तार किया गया था। पटियाला हाउस कोर्ट की विशेष न्यायाधीश हरदीप कौर के समक्ष सरकारी वकील ने कहा कि कुमावत मोबाइल फोन को नष्ट करने में शामिल था और देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे था। अदालत ने इस बात पर गौर किया कि कुमावत पिछले दो वर्षों से साजिश में शामिल था और सरकारी वकील की दलील को स्वीकार कर लिया कि पूरी साजिश का खुलासा करने के लिए उसकी हिरासत की आवश्यकता है।

### सामूहिक चिंता व्यक्त की है

उन्होंने कहा 'ऐसी घटनाओं पर क्या फैसला लेना है यह लोकसभा स्पीकर का विशेषाधिकार है। मुझे सदन की गरिमा बनाए रखने के लिए सांसदों को निलंबित करने का कठोर निर्णय लेना पड़ा, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो।' लोकसभा अध्यक्ष ने पत्र में कहा, 13 दिसंबर को सदन के अंदर जो दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई, वह हम सभी के लिए चिंता का विषय है। हमने सदन में इस घटना पर सामूहिक चिंता व्यक्त की। उसी दिन मैंने सभी दलों के नेताओं से चर्चा की कि हम संसद में सुरक्षा व्यवस्था को और कैसे मजबूत कर सकते हैं. बैठक के दौरान दिए गए कुछ महत्वपूर्ण सुझावों को तुरंत लागू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सदन के अंदर हुई घटना की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया गया है। कमेटी ने काम शुरू कर दिया है। इस कमेटी की रिपोर्ट जल्द ही सदन के साथ साझा की जाएगी।

# रक्सौल से दिल्ली जा रही सत्याग्रह एक्सप्रेस में निकलने लगा धुएं का गुब्बार, यात्रियों में हड़कंप



**पटना, एजेंसी।** बिहार के बेतिया में रक्सौल से दिल्ली जा रही सत्याग्रह एक्सप्रेस में उस समय अफरातफरी मच गयी जब ट्रेन के एक कोच से धुएं का गुब्बार निकलने लगा। मझौलिया स्टेशन के पास गुरचुरवा रेलवे गुमटी के पास शनिवार सुबह सत्याग्रह एक्सप्रेस में यह हादसा हुआ। इस हादसे के बाद यात्रियों में हड़कप का माहौल बन गया है।

जिसके बाद कुछ लोग चलती ट्रेन से बाहर कूद गए तो अंदर बैठे लोग चीखने चिलाने लगे। मिली जानकारी के अनुसार, मझौलिया स्टेशन का आउटर होने के कारण ट्रेन की स्पीड कम थी। धुआं निकलने की जानकारी मिलते ही लोकोपायलट ने ट्रेन रोक दी। इसके बाद लोग बोगी से निकलकर भागने लगे। दूसरी रेल लाइन पर यात्रियों की भीड़ जमा हो गई। ट्रेन में आग लगने की आशंका से चारों तरफ चीख-पुकार मच गई। लोको पायलट समेत अन्य स्टाफ ने धुआं निकलने की जांच की। वहीं, ट्रेन पर सवार मझौलिया चीनी मिल कर्मी राजू श्रीवास्तव ने बताया कि जांच को लेकर आधा घंटा तक ट्रेन रुकी रही। उसके बाद गाड़ी को आगे बढ़ाया गया। इसके साथ ही इस मामले में मझौलिया के स्टेशन मास्टर प्रसून राय ने बताया कि सत्याग्रह एक्सप्रेस का मझौलिया स्टेशन पर स्टॉपेज है। इसको लेकर ट्रेन की रफ्तार धीमी करने के लिए लोको पायलट ने ब्रेक लगाया। इससे ट्रेन के पिछले स्लीपर कोच के ब्रेक से धुआं निकलने लगा था।

उसे देखकर ट्रेन में सवार यात्रियों को भ्रम हो गया और बचाव के लिए लोग ट्रेन से बाहर निकल गए। उधर, धुआं निकलने की जांच में पता चला कि ट्रेन में आग नहीं लगी थी। घटना में किसी तरह कोई नुकसान भी नहीं हुआ और कोई हताहत भी नहीं हुआ। जांच के बाद ट्रेन को गुरचुरवा रेल गुमटी से मझौलिया के लिए रवाना किया गया। मझौलिया में दो मिनट तक रुकने के बाद ट्रेन आनंद विहार के लिए रवाना हो गई। सभी यात्री सुरक्षित अपनी यात्रा पर निकल गए।


राघव चड्ढा को 'आप' ने दी बड़ी जिम्मेदारी

# राज्यसभा में राघव चड्ढा बने 'आप' के नेता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा में सांसद राघव चड्ढा को बडी जिम्मेदारी सौपी है। उन्हें संजय सिंह की जगह उच्च सदन में पार्टी का नया नेता बनाया गया है। पार्टी की ओर से सभापति जगदीप धनकड को लिखे पत्र में कहा गया है कि संजय सिंह स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इसलिए उनकी गैर मौजूदगी में राघव चड्ढा राज्यसभा में पार्टी के नये नेता होंगे। मालूम हो कि संजय सिंह दिल्ली शराब नीति मामले में इस समय तिहाड जेल में बंद हैं। राज्यसभा सचिवालय ने इस बात की पुष्टि की है कि आम आदमी पार्टी ने राघव चड्ढा को राज्यसभा में नेता नियुक्त करने का एक पत्र लिखा है। फिलहाल आम आदमी पार्टी के राज्यसभा में 10 सदस्य हैं और राघव चड्ढा राज्यसभा के सबसे युवा सदस्यों में हैं। बतादें कि सितम्बर में मानसून सत्र के दौरान राघव चड्ढा को दिल्ली सेवा विधेयक पर एक प्रस्ताव में पांच सांसदों के फर्जी हस्ताक्षर करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया था। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था। जिसके निर्देश पर चड्ढा ने सदन से माफी मागी और 4 दिसम्बर को उनका निलंबन खत्म हो गया।

# मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाली के लिए समय सीमा तय नहीं कर सकते: लेफ्टिनेंट जनरल



**कोलकाता, एजेंसी।** सेना के पूर्वी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आर.पी. कलिता ने शनिवार को कहा कि संघर्षग्रस्त मणिपुर में शांति लौट रही है, लेकिन उत्तर-पूर्वी राज्य में सामान्य स्थिति की बहाली के लिए कोई समय सीमा तय नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के साथ-साथ सुरक्षा बलों द्वारा बातचीत और अन्य माध्यमों से स्थायी शांति लाने के प्रयास जारी हैं।

पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ ने कोलकाता के फोर्ट विलियम में विजय स्मारक पर एक पुष्पांजलि समारोह के मौके पर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, 'मणिपुर में 3 मई को हिंसा भड़कने के बाद असम राइफल्स को बुलाया गया था। हमने राज्य पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र अर्धसैनिक बलों (सीएपीएफ) के साथ मिलकर काम किया और अगले 7-10 दिन में कुछ हद तक सामान्य स्थिति लाने में सफल रहे। कानून-व्यवस्था की स्थिति काफी हद तक नियंत्रण में आ गई है।' विजय दिवस 1971 के युद्ध में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जीत का प्रतीक है जिसके परिणामस्वरूप बांग्लादेश को मुक्ति मिली थी। उन्होंने कहा कि मणिपुर में हिंसा की छिटपुट घटनाएं हुई हैं लेकिन सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए बातचीत और सक्रिय भूमिका के माध्यम से प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, दोनों समुदायों के हाथों में बड़ी संख्या में हथियार होने और सीमा पार म्यांमार में अस्थिरता का असर पड़ा है। लेफ्टिनेंट जनरल कलिता ने कहा, 'छिटपुट घटनाओं की संभावना है लेकिन सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए सभी प्रयास जारी हैं। सरकारों की ओर से सुलह प्रक्रिया जारी है। हमारा उद्देश्य हिंसा को कम करना है।' उन्होंने कहा कि हिंसा के पीड़ितों के शवों का परिवहन शुक्रवार को हुआ और कांगपोकपी में 19 शवों का अंतिम संस्कार किया जा चुका है।

# अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला महाकुंभ कल से

भोपाल, देशबन्धु। अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन भोपाल का तीन दिवसीय महाकुंभ 19 से 21 दिसंबर तक सांची स्थित यूटोपिया रिजॉर्ट और मगधम ग्रैंड में आयोजित किया जाएगा। 3 दिवसीय इस कार्यक्रम में लगभग समाज की 600 महिलाएं शामिल होंगी।

कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू बांगड़ और राष्ट्रीय सचिव ज्योति राठी करेंगी। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में क्राइम ब्रांच भोपाल के डीजीपी विपिन माहेश्वरी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक संध्या के अंतर्गत, रामायण की आज के युग में उपयोगिता विषय पर नृत्य नाटिका द्वारा संपूर्ण ग्रंथ का मंचन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य नई पीढ़ी को धर्म ग्रंथों के मर्म से जोड़ना है। इस दौरान जरूरतमंद उधमी महिलाओं को रोजगार देने हेतु कार्यक्रम भी किए जाएंगे। वहीं साहित्य एवम संस्कृति को प्रोत्साहन देने हेतु काव्य कौशल वाद विवाद का आयोजन, कविताओं के जरिए अंताक्षरी का भी कार्यक्रम रखा गया है। इसके साथ ही मांडना कला को पुनर्जीवित और कलाकार बहनों को रोजगार देने हेतु कार्यक्रम स्थल की पूरी सजावट इसी विषय पर की जाएगी और नाटक और भाषण से सामाजिक चिंतनीय विषय पर रोशनी डाल कर समझाया जायेगा। आयोजन का उद्देश्य मेल मिलाप के जरिए आपसी प्रेम और सद्भावना बनाना है। इस मौके पर निर्धन बच्चियों के दहेज के लिए संपूर्ण सामग्री भी एकत्र की जायेगी। कार्यक्रम की व्यवस्था प्रदेश अध्यक्ष रंजना बाहेती, प्रदेश सचिव राजश्री राठी के निगरानी में होगी।

उमर अब्दुल्ला ने भाजपा पर मतदाताओं का सामना करने से कतराने का आरोप लगाया

# विधानसभा चुनावों में देरी के खिलाफ एकजुट हुई एनसी व पीडीपी

धारा 370 की बहाली के लिए अपना संघर्ष जारी रखने का कर रहे वादा



**श्रीनगर, एजेंसी।** मुख्यधारा के क्षेत्रीय राजनीतिक दलों और कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव में देरी के लिए केंद्र के खिलाफ अपना स्वर तेज कर दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष, उमर अब्दुल्ला ने भाजपा पर मतदाताओं का सामना करने से कतराने का आरोप लगाया है और एक अन्य पूर्व मुख्यमंत्री, महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने भाजपा पर विधानसभा चुनावों में देरी करके उपराज्यपाल के माध्यम से जम्मू-कश्मीर पर अपना शासन जारी रखने का आरोप लगाया है। कांग्रेस ने भाजपा पर केंद्र शासित प्रदेश में लोकतंत्र की बहाली के लिए काम करने के बजाय अपनी पार्टी के एजेंडे को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया है। एनसी, पीडीपी और अवामी नेशनल कॉन्फ्रेंस जैसे क्षेत्रीय मुख्यधारा के राजनीतिक दलों ने सीपीआई-एम के साथ मिलकर पीपुल्स अलायंस फॉर गुपकर डिक्लेरेशन नामक गठबंधन बनाकर एक-दूसरे से दूरी बना ली है। मूल रूप से अनुच्छेद 370 की बहाली और जम्मू-कश्मीर के लिए राज्य का दर्जा के लिए एकजुट होकर काम करने की योजना बनाई गई थी, गठबंधन अब केंद्र शासित प्रदेश में भाजपा को सत्ता से बाहर रखने के लिए कमोबेश एक संयुक्त मोर्चे में तब्दील हो गया है। एनसी और पीडीपी दोनों ही विधानसभा चुनावों के लिए अपनी तैयारी दिखाने के लिए राजनीतिक गतिविधियां चला रहे हैं।

विडंबना यह है कि पीडीपी का गठन दिवंगत मुफ्ती मोहम्मद सैयद ने एनसी के खिलाफ मतदाताओं को एक क्षेत्रीय विकल्प प्रदान करने के लिए किया था। आज, दोनों ने उस चीज़ के लिए हाथ मिलाया है, जिसे दोनों पार्टियां 'जम्मू-कश्मीर के लोगों का व्यापक हित' कहती हैं। दोनों दलों के मध्य स्तर के नेताओं के एक-दूसरे के खिलाफ बयानों के बावजूद, एनसी और पीडीपी के शीर्ष नेताओं ने गठबंधन को बनाए रखने की कोशिश की है। दोनों मुख्य रूप से घाटी केंद्रित पार्टियां हैं, विधानसभा चुनाव के दौरान वे अपने बीच सीटें कैसे साझा करते हैं यह एक खुला प्रश्न बना हुआ है।

दोनों कट्टर प्रतिद्वंद्वियों ने अतीत में एक-दूसरे पर झूठे वादे करके मतदाताओं का शोषण करने का आरोप लगाया है। दोनों पार्टियां साझा वादे कैसे करती हैं और ये वादे क्या होंगे, यह भी देखना होगा। जहां तक धारा 370 की बहाली का सवाल है, सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने उस अध्याय को हमेशा के लिए बंद कर दिया है, हालांकि एनसी और पीडीपी दोनों ने कहा है कि वे धारा 370 की बहाली के लिए अपना संघर्ष जारी रखेंगे। ये दोनों पार्टियां जम्मू-कश्मीर में सत्ता में आने पर भी धारा 370 कैसे बहाल करा सकती हैं? कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्तर पर कहा है कि अगर पार्टी केंद्र में सत्ता में आई तो अनुच्छेद 370 को बहाल किया जाएगा।

# भाजपा जिलाध्यक्ष के आश्वासन पर जिला अस्पताल के सफाईकर्मियों की हड़ताल खत्म



**▶ अस्पताल के सफाई कर्मचारी काम पर वापिस लौटे, तीन दिन बाद चली झाड़ू**

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** तीन दिनों से जिला चिकित्सलाय में सफाई न होने से गंदगी बढ़ गई थी। मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। आखिर आज रविवार को यहां तीन दिन बाद कर्मचारी काम पर वापिस लौटे और उन्होंने परिसर में सफाई कर मरीजों को राहत दिलाई। बताया गया है कि पिछले तीन दिनों से हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारियों की हड़ताल रविवार को भाजपा जिला अध्यक्ष अमित नुना के आश्वासन के बाद समाप्त हो गई है।

रविवार को सफाई कर्मचारियों ने अस्पताल परिसर में साफ सफाई की। दरअसल, पिछले तीन दिनों से जिला अस्पताल की सफाई व्यवस्था कर्मचारियों की हड़ताल के कारण बंद पड़ी थी। जिससे अस्पताल परिसर सहित वार्डों में बड़ी मात्रा में कचरा जमा हो गया था। जिसके चलते मरीजों और उनके परिजनों को परेशान हो रहे थे। आज भाजपा जिलाध्यक्ष अमित नुना ने जिला अस्पताल पहुंचकर सिविल सर्जन डॉ अमित शुक्ला से मुलाकात की।

उन्होंने सफाई कर्मचारियों की समस्या सुनकर बातचीत की। इस दौरान सिविल सर्जन के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष ने सफाई कर्मचारियों को उनकी समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिलाया। सिविल सर्जन डॉक्टर अमित शुक्ला ने कहा कि 7 दिन के अंदर सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। भाजपा जिला अध्यक्ष और सिविल सर्जन से ठोस आश्वासन मिलने के बाद सफ ाई कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त कर दी। इसके बाद सफाई कर्मियों ने वार्डों में साफ सफाई शुरू कर दी है। 3 दिन बाद अस्पताल परिसर में सफ ाई शुरू होने से मरीजों और उनके परिजनों को गंदगी से राहत मिली है। इस दौरान शक्ति सिंह राय, अभय यादव, छत्रपाल सिंह, अनीश खान, आदित्य योगी सहित भाजपा कार्यकर्ता और सफाई व्यवस्था कर्मचारी मौजूद रहे।

## नाबालिग के साथ दुराचार का सामने आया मामला, लोगों में असंतोष

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले में नाबालिग बच्चियों को जिस तरह से अपनी हवस का शिकार बनाया जा रहा है। कदाचित इसके पहले इस तरह की घटनाएं नहीं देखी गई। कुछ दिनों से इन घटनाओं ने बढ़ोत्तरी की है। दुराचार की बढ़ती घटनाओं को लेकर लोगों में नाराजगी बनी हुई है। उन्होंने इन घटनाओं पर काबू पाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाने पर जोर दिया है। जिले के बम्होरी कला अंतर्गत एक नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है । बताया गया कि जब नाबालिक घर में अकेली थी, तब गांव के ही दो नाबालिक पीड़िता को पड़कर स्कूल में ले गए, जहां पर उसके साथ दुष्कर्म किया गया और उसके बाद नाबालिक की हालत को गंभीर देखते हुए आरोपियों द्वारा नाबालिक को घर पर छोड़ दिया गया, जब कुछ समय के बाद उनके परिजन घर पर लौटे नाबालिक को संदिग्ध हालात में देखकर उनके द्वारा डॉक्टर के पास ले गए। डॉक्टर ने बताया कि उसकी बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है। इसके बाद परिजनों द्वारा चौकी में जाकर शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नाम दर्ज रिपोर्ट कर वैधानिक कार्रवाई की। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपियों की भी गिरफ्तारी कर लिया गया है।

### अब नहीं बज सकेंगे तेज आवाज में लाउड स्पीकर

# तेज आवाज में बजने वाले फूहड़ गानों से मिल सकेगी लोगों को राहत



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर में फूहड़ गानों के बढ़ते चलन और तेज आवाज में बजने वाले लाउड स्पीकरों से अब लोगों को राहत मिलने का समय आ गया है। शहर में तेज आवाज में बजने वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रों के कारण परेशान होना पड़ रहा था।

अब प्रशासन के सख्त रवैए के चलते इन पर रोक लगने के आसार नजर आने लगे हैं। बताया गया है कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा ध्वनि प्रदूषण रोकने हेतु माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ जबलपुर द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। इन आदेशों का कड़ाई से पालन कर विभिन्न धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित एवं नियम विरुद्ध प्रयोग पर नियंत्रण कार्रवाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। इसके पालन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय टीकमगढ़ में पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी एवं कलेक्टर टीकमगढ़ अवधेश शर्मा द्वारा प्रयास तेजी से किए जा रहे हैं।

बताया गया है कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ सीताराम की उपस्थिति में एवं टीकमगढ़ जिले के विभिन्न थाना, चौकी प्रभारियों द्वारा थाना एवं चौकियों में टीकमगढ़ जिले के विभिन्न धर्मों के धर्म गुरुओं, विभिन्न धर्मों के प्रमुख व्यक्तियों, डीजे संचालकों एवं मैरिज गार्डन संचालकों की मीटिंग लेकर उन्हें ध्वनि प्रदूषण से होने वाली हानि के बारे में अवगत कराकर माननीय न्यायालय एवं शासन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों की निर्धारित सीमा के बारे में जानकारी देकर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का निर्धारित सीमा में उपयोग करने हेतु समझाइस दी गई। उक्त के संबंध में प्रशासन के सहयोग हेतु स्वयं कई धार्मिक स्थलों के धर्मगुरुओं द्वारा लाउड स्पीकर हटाकर प्रशासन की समझाइस का पालन किया गया। उक्त कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# टीकमगढ़ जिले के ट्रांसमिशन नेटवर्क को मिली सुदृढ़ता



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** एमपी ट्रांसको (एमपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी) ने टीकमगढ़ जिले के ट्रांसमिशन नेटवर्क को सुदृढ़ता प्रदान करते हुए 220 के सबस्टेशन टीकमगढ़ में 5.77 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत से 160 एमव्हीए क्षमता का एक अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किया है। एमपी ट्रांसको टीकमगढ़ के कार्यपालन अभियंता आरपी कान्यकुब्ज ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से जतारा, दिगोड़ा, बुड़ेरा, टीकमगढ़, बड़ा मलहरा एवं पृथ्वीपुर क्षेत्र के उपभोक्ताओं को फायदा पहुंचेगा अब उन्हें उचित गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति हो सकेगी।

**टीकमगढ़ जिले की ट्रांसफ ारमेशन केपेसिटी में हुई बढ़ोत्तरी**–इस ट्रांसफार्मर के प्रारंभ हो जाने से टीकमगढ़ सबस्टेशन की क्षमता बढ़कर 540 एमव्हीए की हो गई है। जबकि जिले की कुल ट्रांसफ ारमेशन केपेसिटी बढ़कर 793 एमव्हीए की हो गई है। जिले में एमपी ट्रांसको अपने 5 अति उच्चदाब सब स्टेशनों के माध्यम से विद्युत ट्रांसमिशन करती है।

**एमपी ट्रांसको के 416 सबस्टेशनों से होता है प्रदेश में विद्युत ट्रांसमिशन**– एमपी ट्रांसको प्रदेश में अपने 416 अति उच्चदाब सबस्टेशनों के माध्यम से विद्युत ट्रांसमिशन करती है, जिसमें 400 केव्हीके 14, 220 केव्हीके 88 एवं 132 केव्हीके 214 सबस्टेशन क्रियाशील है।

**78947 एमव्हीए हो गई है कुल स्थापित केपेसिटी**– एमपी ट्रांसको की कुल स्थापित ट्रांसफ ारमेशन केपेसिटी बढ़कर अब 78947 एमव्हीए की हो गई है, जिसमें 400 केव्ही की 11195 एमव्हीए 220 केव्ही साइड 32750 एमव्हीए तथा 132 केव्ही साइड 35002 एमव्हीए शामिल है।

### अतिथियों ने हितग्राहियों को लाभ पत्र किये वितरित

# ग्राम डुमबार में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर संपन्न

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने तथा शेष पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिये विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निकाली जा रही है। इसके तहत आज विकसित भारत संकल्प यात्रा टीकमगढ़ जिले के विभिन्न ग्रामों में पहुंची। बल्देवगढ़ विकासखंड के ग्राम डुमबार में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में श्री अमित नुना, जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर अवधेश शर्मा के मुख्य आतिथ्य में केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान आयोजित शिविर में शासन की योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों ने अपने अनुभव मेरी कहानी मेरी जुबानी सुनाई और अपने अनुभव साझा किये। शिविर में नवीन चिन्हित लाभार्थियों को योजनाओं के लाभ पत्रों का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आईईसी मोबाइल वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश, योजनाओं की जानकारी और योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शित किये गये। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री नवीत कुमार धुर्वे सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# टीकमगढ़ में राज्य लोकसेवा एवं राज्य वनसेवा प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न



**▶ प्रथम पाली में 1543 तथा द्वितीय पाली में 1529 अभ्यर्थी हुये शामिल**

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग इंदौर द्वारा राज्यसेवा एवं राज्य वनसेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 टीकमगढ़ में आज 6 परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण रूप से आयोजित हुई। टीकमगढ़ में दो पालियों में सम्पन्न हुई परीक्षा में 2009 अभ्यर्थियों में से प्रथम पाली में 1543 अभ्यर्थी शामिल हुये तथा 466 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसके साथ ही द्वितीय पाली में 2009 अभ्यर्थियों में 1529 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुये तथा 480 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से सम्पन्न कराने के लिये कलेक्टर अवधेश शर्मा के निर्देशानुसार एसडीएम टीकमगढ़ संजय कुमार दुबे सहित संबंधित अधिकारियों द्वारा निरंतर परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण किया गया। साथ ही परीक्षाओं को शांतिपूर्ण एवं आयोग के दिशा-निर्देशानुसार सम्पन्न कराया गया।

टीकमगढ़ जिले में शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल पुराना पॉलीटेक्निक स्कूल ढोंगा रोड टीकमगढ़, शासकीय कृषि महाविद्यालय कुण्डेष्वर रोड टीकमगढ़, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बीएसएनएल एक्सचेन्ज के पास ढोंगा टीकमगढ़, शासकीय वीरांगना अवंतीबाई लोधी कन्या महाविद्यालय जेल रोड टीकमगढ़, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल नम्बर 2 ललितपुर रोड टीकमगढ़ तथा शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय टैगोर भवन ललितपुर रोड टीकमगढ़ में परीक्षा आयोजित की गई।

# अयोध्या से पलेरा नगर पहुंचे अक्षत कलश का हुआ स्वागत

## घर-घर दिखा उत्साह जय श्री राम के लगे नारे



**पलेरा, देशबन्धु।** अयोध्या जी में भगवान राम लला के नए मंदिर में प्रवेश उत्सव में करोड़ों राम प्रेमियों को एकत्रित करने के लिए घर-घर पीले चावल दिए जाएंगे। धर्म प्रेमी बंधुओ को कार्यक्रम में शामिल होने का इन्ही चावल से निमंत्रण दिया जाएगा। जल्द ही गांव शहर और घर-घर तक छोटी-छोटी टोलियां दस्तक देंगी। इसी को लेकर अमृत अक्षत कलश अयोध्या श्री राम जन्म भूमि से चलकर पलेरा नगर में पहुंचे है। जहां पर अमृत अक्षत कलश की भव्य अगवानी की गई। लोगों ने बैंड बाजों के साथ स्वागत किया। नगर में अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालु इस कलश को अपने-अपने सिर पर लेकर चले और फिर मंदिरों में स्थापित किया गया है। जन्मभूमि अयोध्या से चलकर अक्षत कलश रविवार की देर शाम पलेरा नगर पहुंचा। जहां श्री राम भक्तों ने स्वागत किया। नगर के प्रसिद्ध श्री श्री 1008 हरितला सरकार मंदिर प्रांगण में अक्षत कलश पहुंचते ही भक्तों ने श्रीराम की जय घोष प्रारंभ कर दी। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पटेरिया, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील खटीक, भाजपा नेता राज दमेले, शिक्षक कृष्णकांत त्रिपाठी, राम सिंह राजपूत समेत नगर के गणमान्य नागरिक एवं महिलाएं उपस्थिति रही।

### ध्वनि विस्तारक यंत्रों को लेकर शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन

# कम आवाज में डीजे व साउंड बजाने के दिए गए निर्देश



**दिगौड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आदेश जारी किया गया है, जिसमें धार्मिक स्थलों, मैरिज गार्डनों सहित अन्य कार्यक्रमों में बजने वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग डीजे व लाउड स्पीकर को गाइड लाइन के अनुसार नियंत्रण व कार्यवाही करने के लिए आदेशित किया गया है। इसी के अंतर्गत पुलिस थाना दिगौड़ा में आज रविवार की शाम को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक थाना प्रभारी अनुमेहा गुप्ता द्वारा ली गई।

बैठक में मंदिरों के पुजारी, मस्जिद के मौलवी, डीजे संचालकों, मैरिज गार्डन संचालक सहित अन्य ग्रामीणजन शामिल हुए। बैठक में उपस्थित लोगों को थाना प्रभारी ने बताया कि धार्मिक स्थलों में, मैरिज गार्डन में, बारात सहित अन्य कार्यक्रमों में बजने वाले डीजे व साउंड सिस्टम को धीमी आवाज में बजाएं। यदि इन स्थानों पर तेज आवाज में डीजे व साउंड सिस्टम को बजाया गया तो मध्यप्रदेश सरकार के आदेश पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी, जिसके जिम्मेदार आप स्वयं होंगे।

बैठक में एएसआई कल्याण सिंह, आरक्षक सलमान खान सहित नत्थू खान, लतीफ खान, शफी नूरी, शहादत खान, महेश कुशवाहा, दयाराम कुशवाहा, सानू संज्ञा, रहमत खान, राम सेवक कुशवाहा, यूनिस खान, संतोष कुशवाहा उपस्थित रहे।

# वैश्य महासम्मेलन वार्षिक कैलेंडर का हुआ विमोचन



**पलेरा, देशबन्धु।** वैश्य महासम्मेलन के पास कैलेंडर का विमोचन समूचे जिले में एक साथ तहसील स्तर पर रविवार 17 दिसंबर को किया गया। वैश्य महासम्मेलन कैलेंडर का विमोचन नगर के मैथिली शरण गुप्त भवन में किया गया। वैश्य महासम्मेलन के संभागीय अध्यक्ष अजय गुप्ता के मुख्य अतिथि में किया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पदाधिकारी आनंद सोनी एवं हरि नारायण नायक उपस्थित रहे । कार्यक्रम के शुभारंभ में उपस्थित अतिथियों का माल्यार्पण एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती एवं विस्तार के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक के दौरान पलेरा तहसील प्रभारी अभय मोर, घनश्याम दास सेठ, हरिशंकर चौरसिया, राज दमेले, ऋषि साहू, दिनेश सेठ, अखिलेश सरावगी, सुनील बिलैया, राम डेंगरे, सोनू मोर, अभिषेक रेजा, छोटे गुप्ता, नारायण दास गुप्ता सहित विभिन्न सदस्य मौजूद रहे।

### 3 दिवसीय समारोह में शामिल होंगे रावतपुरा सरकार

# साहित्यकारों और कवियों को मंच देना समिति का मुख्य उद्देश्य : श्रीवास्तव

**▶ संघर्ष पुरुष गंगा प्रसाद बख्शी स्मृति समारोह 20 से**



*__टीकमगढ़, देशबन्धु।__ हमारे पिता स्वर्गीय गंगा प्रसाद बख्शी स्वयं एक कवि एवं साहित्यकार रहे हैं। उनके निधन के बाद नगर के साहित्यकारों एवं कवियों ने उनकी स्मृति में जो कार्यक्रम आयोजित किया, आज वह उसी कार्यक्रम को सहयोग करते आ रहे हैं। तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान जो कार्यक्रम पूर्व में आयोजित किए जाते थे, लगभग उसी प्रकार का कार्यक्रम आज तक आयोजित किए जाते रहे हैं। हमारा प्रयास रहा है कि बुंदेली और बुंदेलखंड के कवियों को बेहतर मंच मिले और वह अपनी पहचान बना सकें।*

*आज जिले में भी अनेक बुंदेली के ऐसे हस्ताक्षर हैं, जिनकी पहचान समूचे बुंदेलखंड में है। यह विचार पूर्व विधायक एवं स्वर्गीय श्री गंगा प्रसाद बख्शी स्मृति तीन दिवसीय समारोह के आयोजक केके श्रीवास्तव ने व्यक्त किए। अपने निज निवास पर पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान दो दिनी कार्यक्रम उनके निज निवास पर एवं आखिरी दिन श्रद्धांजलि समारोह एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन नजरबाग परिसर में आयोजित किया जाएगा। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 22 दिसम्बर को आयोजित किया जाएगा, जिसके मुख्य अतिथि रावतपुरा सरकार के संत रविशंकर महाराज होंगे। बताया गया है कि स्वर्गीय गंगा प्रसाद बख्शी की स्मृति में 20 से 22 दिसंबर तक श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव ने रविवार को इस संबंध में प्रेस वार्ता आयोजित की। उन्होंने बताया कि समारोह के पहले दिन 20 दिसंबर को अखंड संकीर्तन के साथ ही कार्यक्रम की शुरूआत होगी। आयोजन के दूसरे दिन 21 दिसंबर को अखंड संकीर्तन का समापन और प्रसाद वितरण होगा। साथ ही शाम 7 बजे से स्थानीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। इस कवि सम्मेलन में बुंदेलखंड के जाने माने कवि देवदत्त द्विवेदी, जयहिंद सिंह दाऊ, प्रदीप खरे मंजुल, सत्य नारायण तिवारी, जफर उल्ला जफर, अखलाक खान, अनीता खरे, अजीत श्रीवास्तव, राम गोपाल रैकवार, राजीव नामदेव, उमाशंकर मिश्रा तन्हा, प्रभुदयाल पियूष, शिवचरण उटमालिया, वीरेन्द्र चंसौरिया, गुलाब चंद्र भाऊ सहित अनेक कविगण शामिल होंगे। बताया गया है कि 22 दिसंबर को दोपहर 2 बजे नजरबाग परिसर में पुष्पांजलि कार्यक्रम होगा। इसके बाद शाम 7:30 बजे अखिल भारतीय कवि सम्मेलन शुरू होगा। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में संत श्री रविशंकर महाराज, रावतपुरा सरकार मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। इसके अलावा पूर्व संसदीय सचिव सुरेंद्र प्रताप सिंह, बुंदेलखंड विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष उमेश शुक्ला और पूर्व विधायक पुष्पेंद्र नाथ पाठक विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का प्रमुख संयोजक सांसद डॉ वीरेंद्र कुमार को बनाया गया है। इस अवसर पर संजय चतुर्वेदी, अनंत चतुर्वेदी, शिव कुमार श्रीवास्तव, शांतनु बख्शी, सत्य प्रकाश खरे, शैलेन्द्र अवस्थी, रामेश्वर श्रोती सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।*

## अभा कवि सम्मेलन में भाग लेंगे अनेक ख्याति प्राप्त कवि

नगर की हृदय स्थली नजरबाग प्रांगण में 22 दिसंबर को होने जा रहे अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देश के अनेक ख्याति प्राप्त कवि शामिल होंगे। इस संबन्ध में जानकारी देते हुए केके श्रीवास्तव ने बताया कि कवि सम्मेलन में ओज के कवि गौरव चौहान इटावा, पंकज पंडित ललितपुर, हास्य के कवि साजन ग्वालियरी ग्वालियर, अनिल तेजस्व जतारा और देवेंद्र नटखट झांसी भाग लेंगे। टेलीबिजन पर इन कवियों ने अपनी रचनाओं के द्वारा धूम मचा रखी है। उन्होंने बताया कि आयोजन की तैयारियों के संबन्ध में बैठक आयोजित कर जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। समिति पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा आयोजन को सफल बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

ग्राम पंचायतों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

# जनकल्याणकारी योजनाओं का किया प्रचार, वितरित किए हितलाभ



**पन्ना, देशबन्धु।** जिले के सभी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायतों में रविवार से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू हुई। विकासखण्डवार प्रचार वैन द्वारा निर्धारित रूट अनुसार विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंचकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किया गया। ग्राम पंचायतों में यात्रा के आगमन पर ग्रामीणों ने उत्साह के साथ स्वागत किया। ग्राम पंचायत भवन में कार्यक्रम के माध्यम से जनप्रतिनिधियों और अधिकारी कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणजनों को महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। स्टॉल के माध्यम से लोगों के आवेदन पत्र प्राप्त किए। मौके पर लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों ने स्वयं योजना के फायदे बताए और अन्य लोगों से भी बढ़चढ़कर लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया। विभिन्न योजनाओं की हितग्राहीमूलक योजनाओं के हितलाभ कार्यक्रम में प्रदान किए गए। आयुष्मान कार्ड और आधार अपडेशन कैंप के माध्यम से नागरिकों ने आयुष्मान कार्ड बनवाने और आधार में बायोमैट्रिक जानकारी अपडेट कराने के आवेदन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में उपस्थितजनों को विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनने की शपथ भी दिलाई गई। शिविरों में महिलाओं और बुजुर्गों ने भी बढ़चढ़कर सहभागिता की। इस दौरान योजनाओं के लाभ प्रदान करने के अलावा जनहितैषी योजनाओं व विकास कार्यों से संबंधित समस्याओं व शिकायतों का निराकरण भी किया गया। प्रचार वाहन में एलईडी स्क्रीन के जरिए ग्रामीणजनों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। नागरिकों ने प्रचार वाहन के साथ सेल्फी स्टैण्ड में सेल्फी और फोटो भी खिंचवाई।

**आज यहां पहुंचेगी यात्रा:** विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार, 18 दिसम्बर को पन्ना जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत जमुनहाई, रहुनिया, सिरस्वाहा, अजयगढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत भसूड़ा और सिंहपुर, गुनौर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत जसवंतपुरा एवं जैतूपुरा, पवई जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पटोरी एवं हथकुरी तथा शाहनगर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत महाराजगंज एवं रैयासांटा पहुंचेगी। यात्रा के क्रियान्वयन के लिए अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर दायित्व सौंपा गया है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का घटेरा से हुआ शुभारंभ



**दमोह देशबन्धु।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का दमोह जिले की जनदप पंचायत जबेरा की ग्राम पंचायत घटेरा से शुभारंभ जनपद पंचायत सीईओ डॉ. रामेश्वर पटेल, भाव सिंह, सरपंच राघवेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में समारोह पूर्वक प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित ग्राम वासियों व क्षेत्र वासियों को विकसित भारत का संकल्प भी दिलाया इस दौरान नोडल अधिकारी उपयंत्री नितेश असाटी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

ग्राम के सरपंच एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा देश के प्रत्येक नागरिक के जीवन को बेहतर बनाने की जो योजनाएं चलाई गई हैं उनके माध्यम से भारत देश विकसित देश होने की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है। पूरे देश में विकसित भारत के संकल्प में सबका साथ सबका विकास की अवधारणा को जमीन पर उतार कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा विकसित भारत का संकल्प केवल सरकार का संकल्प नहीं है बल्कि यह पूरे भारतवासियों का संकल्प है। इस दौरान विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों के द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं के स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देते हुये उनकी समस्या सुनी गई।

# संघ कार्यालय माधव कुंज में हुई बैठक



**दमोह देशबन्धु।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख आयामों में से एक पर्यावरण संरक्षण गतिविधि की सागर विभाग की एक दिवसीय बैठक श्री कांत मिश्रा प्रांत जनसंवाद प्रमुख छतरपुर रामलाल पटेल सागर विभाग कार्यवाह सागर विभाग सयोजक पवन पटेल के मार्गदर्शन में रविवार को संघ कार्यालय माधव कुंज दमोह में आयोजित की गई। बैठक में सागर विभाग अंतर्गत सागर जिला रहली एवम दमोह जिले से दायित्ववान कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। बैठक के उद्घाटन सत्र में सम्मानीय मंच द्वारा पौधे के पूजन के साथ बैठक के प्रथम सत्र की शुरुवात हुई। श्री श्रीकांत जी द्वारा प्रथम सत्र में पर्यावरण संरक्षण के विषय पर मार्गदर्शन करते हुए 3च पर संगठन की कार्ययोजना बताया कि पेड़, पानी और पॉलिथीन पर खंड स्तर तक, प्रत्येक घर तक हमे कार्य करना है। पेड़ लगाने के साथ साथ बीज संग्रह कर सीड बॉल एवं बीजों का छिड़काव कर वृक्ष संख्या को असीमित गुणित संख्या में बढ़ाने की बात कही। वहीं पानी के संरक्षण पर तालाबों के गहरीकरण एवम पॉलिथीन उन्मूलन के क्षेत्र में इको वृक्ष की अवधारणा को बताते हुए कार्य करने की बात कही। बैठक के द्वितीय सत्र में जिला सह कार्ययोजना की समीक्षा व कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुतिकरण किया गया। भोजनावकाश उपरांत बैठक के अंतिम सत्र में विभाग संयोजक पवन जी पटेल ने विभिन्न स्तर पर ग्रीन होम सहित सभी विषयों पर मार्गदर्शन दिया। बैठक के समापन सत्र में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सागर विभाग कार्यवाह श्रीमान रामलाल जी पटेल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। जिसमे राष्ट्र में व्याप्त समस्याओं में से एक प्रमुख पर्यावरण संरक्षण सहित विवेक पूर्वक व्रक्षारोपण करने की बात कही। यू के लिप्टिस पेड़ लगाने के लिय उचित स्थान दलदली क्षेत्र होता है जो कि पानी को सोखने का कार्य करने के लिय इस पेड़ की उपयोगिता होती है लेकिन हम इस पेड़ को यत्र तत्र लगाकर पानी की मात्रा को कम करने के कारण को निर्मित करते है। एक यू के लिप्टिस पेड़ प्रतिदिन 165 लीटर पानी का अवशोषण करके वाष्पीकरण कर देता है इससे आसपास पानी की कमी आ जाती है। सही दिशा में योजना पूर्वक कार्य करने से सार्थक परिणाम प्राप्त होने की बात विभाग कार्यवाह जी द्वारा कही गई। शांति मंत्र के साथ बैठक के समापन के साथ ही श्रीराम के नाम से एक वृक्ष के अंतर्गत संघ कार्यालय परिसर में एक पौधे का रोपण किया गया। श्रीराम की जय जयकार के साथ एक सर्व समाज हितार्थ पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने के संकल्प साथ बैठक का समापन हुआ।

# स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित



**पन्ना, देशबन्धु।** श्रीराम शिक्षा प्रसार एवं ग्रामीण विकास समाज उत्थान समिति द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में दिव्यांग के क्षेत्र में सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन 15 से 17 दिसंबर के बीच किया गया। उक्त कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से 135 प्रतिभागियों ने भाग लिया। समापन समारोह के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष यादव रहे। मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। संस्था के संचालक डॉ. अरविंद सिंह द्वारा मुख्य अतिथि का माल्यार्पण श्रीफल एवं शाल के साथ स्वागत किया गया। प्रियांशी बागड़ी एवं रंजन लोधी द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। संचालक डॉ. अरविंद सिंह द्वारा सतत पुनर्वास शिक्षा का संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण देते हुए बताया कि सतत पुनर्वास शिक्षा के क्षेत्र में शासन द्वारा बहुत सारी योजनाएं एवं महाविद्यालय द्वारा स्वामी विवेकानंद आवासीय दिव्यांग संस्थान के रूप में सर्वोत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। सतत पुनर्वास शिक्षा का उद्देश्य है, बुनियादी साक्षरता और प्राथमिक शिक्षा प्राप्त कर चुके सभी व्यक्तियों को आजीवन शिक्षा के लिए अवसर प्रदान करना। सतत शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्र में छूट गए निरक्षरों को साक्षर बनाने की प्रक्रिया पर निरंतर बल देता है। नया ज्ञान का अर्जन जैसे विशेष शिक्षा में क्या-क्या बदलाव किए गए हैं। शिक्षा में नया ज्ञान और विशेष बदलाव की जानकारी के लिए। विशेष शिक्षा में जोडे गये नये पाठयक्रमों की जानकारी दी गई। समय-समय पर शिक्षा के क्षेत्र मे किये गये नये नये परिवर्तनों से जोड़ना तथा वर्तमान शिक्षा की नई तकनीकियों से जोड़ना। नई शिक्षा में किए गए संशोधनों से अवगत कराना आदि। कार्यक्रम को संचालित करने के लिए विशेष शिक्षा से संबंधित विशेष अधिकारियों को आमंत्रित किया जाता है। इस कार्यक्रम के पूरा होने के उपरान्त विशेष शिक्षकों को कुछ अंक दिए जाते है और प्रमाण पत्र दिया जाता है। कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन न्यू एरा संस्थान इंदौर से सुनील सिंह तोमर एवं आरती सिंह, साहू विश्वविद्यालय कानपुर से नितेश कुमार एवं आलोक कुमार यादव पन्ना से रिसोर्स पर्सन डॉ. अरविंद सिंह एवं समस्त स्टाफ कार्यक्रम में उपस्थित रहे। रूपेन्द्र पटेल द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग और खुले में मांस विक्रय करने को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**दमोह देशबन्धु।** शासन द्वारा ध्वनि प्रदुषण पर अंकुश लगाने और बिना अनुमति व खुले में संचालित हो रही मांस विक्रय दुकानों को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए है। जिसको लेकर जबेरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे उपस्थित तहसीलदार विवेक व्यास ने ध्वनि प्रदुषण को लेकर जारी हुए शासन के निर्देश के बारें में जानकारी दी, साथ ही बताया कि शासन के आदेशानुसार किसी भी प्रकार के धार्मिक स्थल अथवा अन्य स्थानों पर निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप ही ध्वनि विस्तार यंत्रों (लाउड स्पीकर/डीजे) आदि का उपयोग किया जा सकेगा। ऐसे में यदि किसी भी स्थान पर निर्धारित मापदण्ड के विपरीत लाउड स्पीकर का उपयोग किया जाता है, तो निर्धारित नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। वही नगर व ग्रामीण अंचलों में खुले स्थानों पर मांस या मछली के विक्रेता, विक्रय नहीं कर सकेंगे। मांस विक्रय खुले में ना हो तथा दुकानों के सामने अपारदर्शित कांच लगाऐंगे। किसी भी धार्मिक स्थल के मुख्य द्वार के सामने 100 मीटर की दूरी के भीतर मांस एवं मछली का विक्रय नहीं करेंगे।

## भोलेबाबा की नगरी में बाबा का भव्य स्वागत



**दमोह देशबन्धु।** पूर्व सांसद मंत्री डॉ राम कृष्ण कुसमरिया को वर्तमान में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष दर्जा प्राप्त कैबिनेट मंत्री बनाया गया है भोपाल से बाबाजी प्रथम बार दमोह पहुंचे जहां बाबा का भाजपा कार्यालय में भव्य स्वागत हुआ इसके उपरांत बाबा श्री जागेश्वर धाम बांदकपुर पहुंचे बांदकपुर में शिवभक्तों द्वारा बाबा का बाजे गाजो ढ़ोल पुष्प माला के साथ भव्य स्वागत किया गया। बाबा ने टीम बांदकपुर कॉरिडोर अभियान के सभी सदस्यों से भेट की ओर कहा कि हमारी सरकार प्रमुखता से बांदकपुर का कार्य करेगी प्रदेश में धार्मिक स्थलों पर 13 संस्कृत लोको का निर्माण होना है जिसमें बांदकपुर को भी शामिल किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यकर्ता पं कमलेश गुरु ,महेंद्र तिवारी ,अंशु दुबे ,गणेश यादव ,हर्ष दुबे श्री जागेश्वर नाथ मंदिर के पुजारी नीरज नायक ,सीतू पंडा सहित शिवभक्त उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय पेंशनर्स दिवस पर भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा में मनाया गया पेंशनर दिवस



दमोह देशबन्धु। भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा किल्लाई नाका में क्षेत्रीय अधिकारी विनय सिंह बैंक के मुख्य प्रबंधक देवाशीष मिश्रा मुख्य प्रबंधक, रुपेश कुमार चौधरी एवं पेंशनर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष पंडित जगदीश चौबे ने भगवान धन्वंतरि एवं भारत माता की चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पमाला अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसमें अनेक बुजुर्गों ने सहभागिता की। इस अवसर पर पंडित कृष्ण कुमार योगाचार्य ने योग के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन सभी को दिया एवं आगामी समय में योग से सभी को जोड़ने का अहवान भी किया। आयुष अधिकारी राजकुमार पटेल के नेतृत्व में डॉक्टर डी एस ठाकुर, डॉक्टर प्रियंका तरुण, डॉक्टर अनुपम वर्मा एवं 8 सदस्यीय टीम ने शुगर, बीपी आदि स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां प्रदान की। पधारे सभी पेंशनर्स का क्षेत्रीय अधिकारी ने तिलक लगाकर एवं गुलाब के पुष्प से स्वागत किया, साथ ही 26 से अधिक 80 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले बुजुर्गों का शाल एवं श्रीफल से अपने हाथों से सम्मान किया। कार्यक्रम में पेंशनर एसोसिएशन तहसील शाखा दमोह के अध्यक्ष मनोहर लाल पथरौल ने संयुक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पधारे पेंशनरों का एवं आयुष विभाग के योगाचार्य जी का एवं अवकाश के दिवस पर भी पधारे सभी सहयोगी, साथियों एवं कर्मचारियों का हृदय से अभार व्यक्त किया।

## पटवारी के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनने पर जताया हर्ष



**दमोह देशबन्धु।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के द्वारा मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर पूर्व विधायक जीतू पटवारी एवं मप्र कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष कमलनाथ राज्य सभा सांसद दिग्विजय सिंह की सहमति से विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार उपनेता हेमंत कटारे को बनाये जाने पर कांग्रेसजनों ने घंटाघर पहुंचकर पटाखे फोड़कर एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। उक्त अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि जीतू पटवारी ने पूर्व में प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष रहते युवाओं के हित में कई महत्वपूर्ण कार्य किये थे और अब हाईकमान ने उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है । इस अवसर पर बब्लू भट्ट, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, केके अग्रवाल, अरूण मिश्रा, प्रशांत शर्मा, अभिषेक डिम्हा, पुरूषोत्तम कुशवाहा, राजा रौतेला, शैलेन्द्र सिंह, पप्पू कुशवाहा, शेरू कुशवाहा, खिल्लू ठाकुर, मुकेश सेन सहित अनेकों कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहीं।

# भव्यता से निकली बारात, मंत्रोच्चार के साथ हुआ सीता-राम विवाह



**दमोह देशबन्धु।** स्थानीय श्री देव जानकी रमण जी बूंदाबहू मंदिर दमोह में श्रीसीताराम विवाह की भव्यता के साथ बारात निकाली गई। बूंदाबहू मंदिर में शानदार सजावट की गई थी साथ ही पुष्पमालाओं से मंदिर के गर्भ को सजाया गया था वहीं श्री सीताराम जी भगवान को सुन्दर वस्त्र पहनाये गये ढोल नगाड़े बज रहे थे और बाराती नाच रहे थे। प्रत्येक बाराती ने पगढ़ी बांध रखी थी चारो ओर से श्रीसीताराम नाम के जयघोष की ध्वनि आ रही थीं। आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज के सान्निध्य में दिव्य मंत्रोच्चार के द्वारा सर्वप्रथम द्वारचार पूजन के साथ क्रमश कई प्रकार का चढ़ाउ आभूषण चढ़ाये गये कन्यादान संकल्प के बाद भांवरे की गई वहीं आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने श्री सीताराम विवाह की कथा सुनाते हुये कहा कि श्री रामजी और श्री सीताजी की सुंदर परछाहीं मणियों के खम्भों में जगमगा रही हैं, मानो कामदेव और रति बहुत से रूप धारण करके श्री रामजी के अनुपम विवाह को देख रहे है दर्शन की लालसा और संकोच दोनों ही कम नहीं हैं अर्थात बहुत हैं इसीलिए वे मानो बार-बार प्रकट होते और छिपते हैं। सब देखने वाले आनंदमग्न हो गए और जनकजी की भाँति सभी अपनी सुध भूल गए मुनियों ने आनंदपूर्वक भाँवरें फिराईं और नेग सहित सब रीतियों को पूरा किया। श्री रामचन्द्रजी सीताजी के सिर में सिंदूर दे रहे हैं, यह शोभा किसी प्रकार भी कही नहीं जाती मानो कमल को लाल पराग से अच्छी तरह भरकर अमृत के लोभ से साँप चन्द्रमा को भूषित कर रहा है यहाँ श्री राम के हाथ को कमल की, सेंदूर को पराग की, श्री राम की श्याम भुजा को साँप की और सीताजी के मुख को चन्द्रमा की उपमा दी गई है फिर वशिष्ठजी ने आज्ञा दी, तब दूलह और दुलहिन एक आसन पर बैठे श्री रामजी और जानकीजी श्रेष्ठ आसन पर बैठे, उन्हें देखकर दशरथजी मन में बहुत आनंदित हुए। अपने सुकृत रूपी कल्प वृक्ष में नए फल आए देखकर उनका शरीर बार-बार पुलकित हो रहा है। चौदहों भुवनों में उत्साह भर गया, सबने कहा कि श्री रामचन्द्रजी का विवाह हो गया। जीभ एक है और यह मंगल महान है, फिर भला, वह वर्णन करके किस प्रकार समाप्त किया जा सकता है तब वशिष्ठजी की आज्ञा पाकर जनकजी ने विवाह का सामान सजाकर माण्डवीजी, श्रुतकीर्तिजी और उर्मिलाजी इन तीनों राजकुमारियों को बुला लिया कुश ध्वज की बड़ी कन्या माण्डवीजी को, जो गुण, शील, सुख और शोभा की रूप ही थीं, राजा जनक ने प्रेमपूर्वक सब रीतियाँ करके भरतजी को जानकी जी की छोटी बहिन उर्मिला जी को सब सुंदरियों में शिरोमणि जानकर उस कन्या को सब प्रकार से सम्मान करके, लक्ष्मणजी को ब्याह दिया और जिनका नाम श्रुतकीर्ति है और जो सुंदर नेत्रों वाली, सुंदर मुखवाली सब गुणों की खान और रूप तथा शील में उजागर हैं उनको राजा ने शत्रुघ्न को ब्याह दिया दूलह और दुलहिनें परस्पर अपने-अपने अनुरूप जोड़ी को देखकर सकुचाते हुए हृदय में हर्षित हो रही हैं। सब लोग प्रसन्न होकर उनकी सुंदरता की सराहना करते हैं और देवगण फूल बरसा रहे हैं। सब सुंदरी दुलहिनें सुंदर दूल्हों के साथ एक ही मंडप में ऐसी शोभा पा रही हैं, मानो जीव के हृदय में चारों अवस्थाएँ जाग्रत, स्वप्न, सुषुप्ति और तुरीय अपने चारों स्वामियों विश्व, तैजस, प्राज्ञ और ब्रह्म सहित विराजमान हों सब पुत्रों को बहुओं सहित देखकर अवध नरेश दशरथजी ऐसे आनंदित हैं, मानो वे राजाओं के शिरोमणि क्रियाओं यज्ञक्रिया श्रद्धाक्रिया योगक्रिया और ज्ञानक्रिया सहित चारों फल अर्थ, धर्म काम और मोक्ष पा गए हों सब स्त्री-पुरुष और सखियों सहित सारा रनिवास प्रेम के विशेष वश हो रहा है। ऐसा लगता है मानो जनकपुर में करुणा और विरह ने डेरा डाल दिया जानकी ने जिन तोता और मैना को पाल-पोसकर बड़ा किया था और सोने के पिंजड़ों में रखकर पढ़ाया था, वे व्याकुल होकर कह रहे हैं- वैदेही कहाँ हैं। उनके ऐसे वचनों को सुनकर धीरज किसको नहीं त्याग देगा अर्थात सबका धैर्य जाता रहा जब पक्षी और पशु तक इस तरह विकल हो गए, तब मनुष्यों की दशा कैसे कही जा सकती है तब भाई सहित जनकजी वहाँ आए। प्रेम से उमड़कर उनके नेत्रों में प्रेमाश्रुओं का वे परम वैराग्यवान कहलाते थे, पर सीताजी को देखकर उनका भी धीरज भाग गया।

राजा ने जानकीजी को हृदय से लगा लिया प्रेम के प्रभाव से ज्ञान की महान मर्यादा मिट गई सब बुद्धिमान मंत्री उन्हें समझाते हैं। तब राजा ने विषाद करने का समय न जानकर विचार किया। बारंबार पुत्रियों को हृदय से लगाकर सुंदर सजी हुई पालकियाँ मँगवाई सारा परिवार प्रेम में विवश है। राजा ने सुंदर मुहूर्त जानकर सिद्धि सहित गणेशजी का स्मरण करके कन्याओं को पालकियों पर चढ़ाया राजा ने पुत्रियों को बहुत प्रकार से समझाया और उन्हें स्त्रियों का धर्म और कुल की रीति सिखाई। बहुत से दासी-दास दिए, जो सीताजी के प्रिय और विश्वास पात्र सेवक थे।

## सार-समाचार

### बिना अनुमति के सामान बेचने वाले स्टॉल संचालकों से एसीएम ने कार्यवाही कर जब्त किया 30 हजार रुपए का सामान



**बीना, देशबन्धु।** रेलवे एसीएम ने बीना जंक्शन पहुंचकर कार्यवाही करते हुए स्टॉल के बाहर सामान रखकर बेचने वालों का 30 हजार से ज्यादा का सामान जब्त किया। मिली जानकारी के अनुसार एसीएम धर्मेन्द्र सिंह अपनी टीम के साथ बीना रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। उन्होंने आते ही स्टेशन पर खुली स्टॉल पर कार्यवाही शुरू की। इस दौरान उन्होंने स्टॉल के बाहर सामान रखकर बेचने वालों का सामान जब्त किया। इसके अलावा ऐसा सामान जो रेलवे से अप्रूव नहीं है उसे भी जब्त किया गया। कई स्टॉल संचालक बिना मिल्क अप्रूवल के दूध से बने उत्पाद भी बेच रहे थे, उसे जब्त किया। इसके अलावा कई जगहों पर खुले में पड़े सामान को भी जब्त किया। सभी स्टॉल से करीब 30 हजार रुपए का सामान जब्त किया। इसकी रिपोर्ट मंडल को भेजी गई है। इसके बाद सभी पर जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी।

### बीना रेलवे स्टेशन पर जल्द खुलेगा जन औषधि केंद्र



**बीना, देशबन्धु।** रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र पीएमबीजेके के माध्यम से रेल यात्रियों को सस्ती और उपयोगी जेनरिक दवाइयां रेल परिसर में उपलब्ध कराने ई.ऑक्शन के माध्यम से जन औषधि केंद्र आवंटित किया जाएगा। रेलवे बोर्ड ने बीना रेलवे स्टेशन को प्रथम जन औषधि केंद्र खोलने के लिए चयनित किया है। बीना स्टेशन केसर्कुलेटिंग एरिया में बुकिंग ऑफिस के पास प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र प्रारंभ करने और संचालन के लिए रेलवे ने ई ऑक्शन मोड्यूल लीजिंग के माध्यम से तीन वर्ष की अवधि के लिए 19 दिसंबर को ऑनलाइन टेंडर बुलाए हैं। जन औषधि केंद्र के लिए स्टॉल रेलवे ही बनाकर देगा। इसमें बी.फार्मा और डी.फार्मा डिग्री धारक इच्छुक व्यक्ति ऑक्शन में भाग ले सकता हैं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा: दूसरे दिन महाकवि पद्माकर सभागार और संत कंवरराम वार्ड में लगाए गए शिविर

**सागर, देशबन्धु।** केंद्र व राज्य शासन की योजनाओं के सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने और नवाचारी योजनाओं से देश में हुए विकास से आम नागरिकों को परिचित कराने के लिए 16 दिसंबर को सागर पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूसरे दिन नगर निगम द्वारा महाकवि पद्माकर सभागार एवं संत कंवर राम वार्ड सिंधी कैंप में शिविर आयोजित किए गए, जिसमें केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित पात्र हितग्राहियों को लाभांवित किया गया। दूसरे दिन के पहले शिविर का शुभारंभ महाकवि पद्माकर सभागार में सांसद राजबहादुर सिंह, महापौर संगीता तिवारी, निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला, महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी, पार्षद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित नागरिकों को 2047 तक देश को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने की शपथ दिलाई तत्पश्चात अतिथियों द्वारा शिविर में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने हेतु लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया और हितग्राहियों से चर्चा की। इस अवसर पर महापौर संगीत तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ वंचित रह गए पात्र नागरिकों को दिलाने के लिए विकसित भारत संकल्प



यात्रा का शुभारंभ किया गया है जिसके तहत नगर निगम द्वारा 16 से 21 दिसंबर तक विभिन्न स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्ड पार्षदों एवं नागरिकों से अपील की है कि जो भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए हैं उन्हें शिविर में आने के लिए प्रेरित करें और शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाये। निगमायुक्त ने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार रूप देने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है ताकि समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक केंद्र और राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से जो पात्र हितग्राही वंचित रह गए हैं उन्हें लाभ पहुंचाया जा सके। निगमाध्यक्ष ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को अंतिम व्यक्ति तक लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई अभिनव पहल बताते हुए कहा कि कोई भी शासन की योजनाओं के लाभ से पात्र व्यक्ति वंचित न रहे। महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय सोच से प्रेरणा लेकर प्रधानमंत्री द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की गई है ताकि समाज के अंतिम छोर पर खड़े योजनाओं के लाभ से वंचित व्यक्ति को लाभान्वित किया जा सके। नगर निगम सागर को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन में देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है जो हम सबको गौरव की बात है। शिविर में उपस्थित विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन द्वारा प्रधानमंत्री के उद्बोधन को दिखाया गया साथ ही पंपलेट और बुकलेट का वितरण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाकर शिविर में आए नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। आज प्रातः 11 बजे से छत्रसाल नगर, बाघराज वार्ड एवं दोपहर 3 बजे से जिला चिकित्सालय परिसर सागर में शिविर आयोजित किये जायेंगे। मेरी कहानी मेरी जुवानी के अंतर्गत हितग्राहियों ने योजनाओं के लाभ से अपने अनुभव आम नागरिकों से साजा किए तथा टीवी मरीजों को उपचार में निस्वार्थ सेवा करने वाले नागरिकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## पुलिस की जुआ फड़ पर दबिश, 21 जुआरी पकड़े

### हाईवे किनारे टपरे में संचालित हो रहा था जुआ फड़, 2.92 लाख जब्त


**सागर, देशबन्धु।** पुलिस ने बहेरिया थाना क्षेत्र में हाईवे किनारे संचालित हो रहे जुआ फड़ पर दबिश दी। कार्यवाही करते हुए पुलिस ने मौके से 21 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 2.92 लाख रुपए नकद, कार, बाइक समेत अन्य सामान जब्त किया है। जुआरियों को पुलिस पकड़कर थाने लाई। जहां जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि एनएच 44 बारछा रोड के आगे टपरों में कुछ बाहरी लोग जुआ खेल रहे हैं। ताश-पत्तों पर मोटी रकम पर हार-जीत का दाव लगा रहे हैं। सूचना मिलते ही सिटी सीएसपी यश बिजोरिया के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्यवाही के लिए रवाना की गई। टीम ने बारछा रोड के आगे टपरों पर दबिश दी। जहां सडक किनारे वने टपरानुमा शेट में लोग जुआ खेल रहे थे। पुलिस आती देख जुआरियों ने भागने की कोशिश की। लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी कर 21 जुआरियों को धरदबोचा। कार्यवाही में जुआरियों के कब्जे से 2 लाख 92 हजार 810 रुपए नकद, 3 कार और बाइक समेत मोबाइल जब्त किए हैं। पुलिस ने जुआरी नीरज पिता परषोत्तम कोरी उम्र 32 साल निवासी काकागंज, सानू पिता मो. मुख्तार उम्र 32 साल निवासी सदर कैंट, रामपाल पिता इमरत बुन्देला उम्र 30 साल निवासी पिठोरिया, मोहरी अवरार पिता गुलमोहम्मद उम्र 27 साल निवासी दयानंद वार्ड, मिन्टू उर्फ विनेश पिता विनोद केसरवानी उम्र 40 जवाहरगंज वार्ड, शंभू पिता स्व.रामचरण सोनी उम्र 40 साल निवासी चकराघाट, रितिक पिता सीताराम राय उम्र 28 साल निवासी मकरोनिया, अभिषेक पिता धनीराम तिवारी उम्र 33 साल निवासी बंडा, शाकिब पिता शकील मकरानी उम्र 28 साल निवासी कजलीवन मैदान कैंट, प्रवीण पिता ओमप्रकाश शर्मा उम्र 36 साल निवासी सेमरा, राहुल पिता मोहन नामदेव उम्र 20 निवासी बंडा, अमित पिता काशीराम कुर्मी उम्र 31 साल निवासी चनौआ, राजा पिता बालक सिंह उम्र 50 साल निवासी बांदरी, शमीम पिता गफ्फार खान उम्र 40 साल निवासी रहली, शुभम पिता श्याम नामदेव उम्र 23 साल निवासी पुरव्याऊ टोरी, वकील पिता छोटे खान उम्र 36 साल निवासी पिठोरिया, 17 सौरभ पिता मुकेश पटेल उम्र 28 साल निवासी गोपालगंज, हरीश पिता धनसींग कुशवाहा उम्र 34 साल निवासी तुलसी नगर, नीतेश पिता बलराम उम्र 28 साल निवासी पुरव्याऊ टोरी, बिक्की उर्फसुधीर पिता स्व.हरीनारायण सेन उम्र 36 साल निवासी पुरव्याऊ टोरी, 21 ताहिर बक्श करीम उम्र 52 साल निवासी राम वार्ड गढ़ाकोटा को गिरफ्तार किया है।

जुआ फड़ पर कार्यवाही के बाद रविवार सुबह से सोशल मीडिया पर मैसेज वायरल हुआ कि सागर के बहेरिया क्षेत्र में संचालित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि के भतीजे के ढाबे पर पुलिस ने कार्यवाही कर करोड़ों रुपए का जुआ पकड़ा है। मैसेज वायरल होते ही शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। उक्त मामले में पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने बताया कि पुलिस को जानकारी मुखबिर से मिली थी कि फोरलेन पर खुले में किसी शेड टपरे के नीचे जुआरी जुआ खेल रहे हैं। जिस पर पुलिस ने कार्यवाही की है। कार्यवाही में जुआरियों से 2 लाख 92 हजार 810 की राशि जब्त की गई है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई किसी जनप्रतिनिधि या उनके परिचित के ढाबा पर नहीं की गई है। यह पूर्णतः भ्रामक और तथ्यहीन हैं। तथ्यों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## नेशनल क्वालिटी एंश्योरेंस स्टैंडर्ड सर्टिफिकेशन सिविल अस्पताल खुरई को मिला

**सागर, देशबन्धु।** सीएमएचओ डॉ. ममता तिमोरे के मार्गदर्शन में सिविल अस्पताल खुरई को राष्ट्रीय स्तर का नेशनल क्वालिटी एंश्योरेंस स्टैंडर्ड सर्टिफिकेशन से नबाजा गया हैं। डॉ. ममता तिमोरी ने बताया कि 25 एवं 26 सितम्बर को एनएचएम एनएचआरसी की एक्सटर्नल एसेसर की टीम द्वारा सिविल अस्पताल का 9 विभागों का निरीक्षण 8 एरिया ऑफ कंसर्न के अंतर्गत सर्विस प्रोविजन पेसेंट राइट्स, इनपुट्स, सपोर्ट सर्विसेज, क्वालिटी, सर्विस, इनोवेशन कंट्रोल क्वालिटी एवं आउटकम इंडिकेंटर के आधार पर संख्या 89.22 प्रतिशत के साथ नेशनल क्वालिटी एंश्योरेंस स्टैंडर्ड सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ हैं। जिले में राष्ट्रीय स्तर का नेशनल क्वालिटी एंश्योरेंस स्टैंडर्ड सर्टिफिकेशन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ढाना के बाद सिविल अस्पताल खुरई को प्राप्त हुआ हैं। जो सर्टिफिकेशन प्राप्त करने वाली दूसरी संस्था बन चुकी हैं। डॉ. ममता तिमोरी ने सिविल अस्पताल खुरई के बीएमओ डॉ. शेखर श्रीवास्तव चिकित्सक एवं स्टॉफ को बधाई दी।

## नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भूमि पूजन संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार के तत्वाधान में दीनदयाल नगर मकरोनिया गौर पार्क में होने वाले 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का रविवार को भूमि पूजन संपन्न हुआ। इस भूमिपूजन में देवकन्या प्रज्ञा तिवारी द्वारा भूमि पूजन संपन्न कराया गया यह पांच दिवसीय कार्यक्रम 31 दिसंबर से प्रारंभ होगा। 3 जनवरी तक चलेगा, विराट पुस्तक मेला का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें गायत्री परिवार की संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा लिखित 3300 से पुस्तकों का एक विराट पुस्तक मेला भी आयोजित हो रहा है जिसमें सभी प्रकार की गायत्री परिवार की धार्मिक किताब में वेद पुराण वांग गायत्री महा विज्ञान के चारों भाग साहित्य बाल निर्माण की कहानी गायत्री परिवार की हवन सामग्री गायत्री चित्र माला आदि सभी सामग्री स्टॉल पर उपलब्ध रहेगी। भव्य शोभा कलश यात्रा 31 दिसंबर को 1 बजे राम मंदिर से प्रारंभ होकर यज्ञ स्थल तक जाएगी। इस अवसर पर अजीत सिंह ठाकुर, आर्यन शुक्ला, एसके राठौर, रामजी गुप्ता, तनुज पांडे उपस्थित रहे।

## पेंशनर्स समाज का जिलास्तरीय वार्षिक अधिवेशन संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** मप्र पेंशनर्स समाज सागर का अधिवेशन संभागीय अध्यक्ष पं. शुकदेव तिवारी की अध्यक्षता, पं. जेपी पाण्डे जिलाध्यक्ष, आरएस बादल, पीपी मिश्रा, जीएल छत्रसाल, पं. केके तिवारी, डॉ. महेशदत्त त्रिपाठी, पं. जगदीश गुरू, जीपी विश्वकर्मा ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर शुरूआत की। वेद मंत्रोच्चार पं. महेश दत्त त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर 80 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनर्स का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। अतिथियों ने पेंशनर्स से जुड़ी शासन की सुविधाओं में कटौती पर असंतोष व्यक्त करते हुए बुजुर्ग नागरिकों को पूर्ण संवेदनशीलता के साथ न्यायोचित मांगों को पूर्ण करने का प्रस्ताव रखा गया। जो सर्वसम्मति से पारित हुआ। राष्ट्रपति पुरूस्कार प्राप्त शिक्षक कमलचंद जैन ने गीत मंगल भावना प्रस्तुत की। संचालन जीपी विश्वकर्मा ने किया। आभार जीएल छत्रसाल ने व्यक्त किया। इस अवसर पर पीएल तिवारी, पीएस ठाकुर, एसके मिश्रा, पीपी मिश्रा, जीपी कोरी, भोले प्रसाद धुर्वे सहित सैकडो पेंशनर्स उपस्थित हुए।

### भगवान श्री राम जानकी विवाह महोत्सव संपन्न

**सागर, देशबन्धु।** भगवान दूल्हा श्री रामचंद्र जी की विशाल बारात निकली रास्ते में पूजन अर्चन के साथ भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा की गई बारात में भगवान का रथ बैंड बाजे डमरु दल भजन मंडली एवं भक्तों की भीड़ रही बारात श्री मारुति धाम से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई श्री देव नागेश्वर मंदिर पहुंची। वहां पर भगवान का टीका किया गया। धनुष खंडन वरमाला पैर पकरई भंवरे कन्यादान कार्यक्रम के संयोजक संतोष सोनी मारुति, लता सोनी ने किया वर पक्ष से पं. नरेंद्र नगाईच एवं वधू पक्ष पं. राजकुमार तिवारी ने मंत्रोचार द्वारा पूर्ण वैवाहिक कार्यक्रम कराया। महिलाओं ने भगवान की पैर पखरई की एवं वैवाहिक गीत गाये चुलिया टिपारा वैवाहिक सामग्री सौंपकर भगवान की विदाई की गई। कार्यक्रम के संयोजक संतोष सोनी मारुति ने सभी ब्राह्मणों का बारातियों का टीका लगाकर सम्मान किया विवाह के अगले दिन भगवान का कुंवर कलेऊ करा कर पूजन आरती एवं महिलाओं द्वारा सीता माता की पूजन अर्चन करके सुहागले की जाएगी।

## हाईवे पर दो बच्चियों को टक्कर मरकर भाग रहे ट्रक को पकड़ने बाइक सवारों ने किया पथराव

### सरिया लोडिंग ट्रक भी पलटा, हादसे में तीन घायल, बछड़े की हुई मौत

**शाहगढ़, देशबन्धु।** नेशनल हाईवे पर चार साल की दो बच्चियों को टक्कर मारकर भाग रहा लोहे की सरिया से लोडिंग ट्रक छह किलोमीटर दूर टीकमगढ़ रोड स्थित शासकीय महाविद्यालय के पास पेड़ और बछड़े को रौंदता हुआ सड़क से नीचे पलट गया। हादसे में दो बच्ची सहित ट्रक चालक घायल हों गया वहीं एक बछड़े की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को ट्रक से बाहर निकलवाकर इलाज के लिए शाहगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। रायपुर से झांसी लोहे की सरिया लेकर आ रहे ट्रक यूपी 93 बीटी 2729 के चालक माधव उर्फ चाली यादव निवासी ललितपुर यूपी ने लापरवाही पूर्वक अमरमऊ हाइवे स्थित शनिदेव मंदिर के पास 4 साल की बच्ची वीरा और नित्या गौड़ खड़ी थीं दोनों को टक्कर मार दी और घटना को अंजाम देकर ट्रक सहित मौके से भाग गया, घटना शनिवार सुबह 8 बजे की बताई जा रही है। घटना स्थल पर मौजूद परिजनों ने घायल बच्चियों को शाहगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज कराने भेजा। वही भाग रहे ट्रक चालक को पकड़ने बाइक से दो लोगों ने पीछा किया। बड़ी घटना होने की सोचकर चालक ट्रक सहित खुद को बचाने के लिए ट्रक की गति तेज कर दी लेकिन पीछा कर रहे बाइक सवारो ने पीछे से पत्थर फेंकना शुरू कर दिया, जैसे ही ट्रक पिपरा वार्ड स्थित कालेज के पास पहुंचा बाइक सवार युवक ट्रक के आगे आ गए और पत्थर फेंकना शुरू कर दिया, बाइक सवारों से खुद को बचाने के चक्कर में चालक ने ट्रक को सड़क से नीचे उतार दिया और विचरण कर रहे एक बछड़े को रौंदता हुआ ट्रक एक पेड़ को उखाड़ता हुआ पलट गया, घटना में ट्रक चालक माधव यादव गंभीर रूप से घायल हो गया, पुलिस ने दोनों बच्चियों और ट्रक चालक तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया। ट्रक में चालक चाली यादव के साथ क्लीनर अरूण यादव था दोनों ललितपुर यूपी निवासी है, क्लीनर अरूण ने बताया कि बच्चियों को टक्कर लगने से हम घबरा गए और पीछे लगे लोगों से खुद को बचाने हम पुलिस थाने की तलाश कर रहे थे लेकिन हड़बड़ाहट में हमने टीकमगढ़ रोड पकड़ ली, पत्थर बाजी होने लगीं, सामने बाइक सवार खड़े हुए थे और ट्रक को सड़क से नीचे उतार दिया, लेकिन खाई होने और सरिया लोडिंग की वजह से ट्रक पलट गया।



### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की गूंज अनुगूंज कार्यक्रम की प्रस्तुति आज

**सागर, देशबन्धु।** संपूर्ण मप्र सहित सागर में सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम अनुगूंज का शुभारंभ महाकवि पद्माकर सभागार मोतीनगर में सोमवार को सायकाल 4 बजे से प्रारंभ होगा। अनुगूंज कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों सहित संभागायुक्त डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत, कलेक्टर दीपक आर्य, निगम कमिश्नर चंद्रशेखर शुक्ला, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीसी शर्मा, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण मनीष वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, डॉ. महेंद्र प्रताप तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे। सागर नगर के सभी सरकारी विद्यालयों के 626 छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे।

### डॉ. हरीसिंह गौर को भारत रत्न दिलाने पोस्ट कार्ड महाअभियान आज से

**सागर, देशबन्धु।** संपूर्ण विश्व में शिक्षा के लिए संपूर्ण जिन्दगी की जमा पूजी दान करने वालो में बुन्देलखंड के दानवीर डॉ. हरीसिंह गौर एवं संविधान सभा के उपसभापति को भारत रत्न दिलाने का महाअभियान आज सुबह 12 बजे से पुलिस विभाग एवं पुलिस परिवार कल्याण संघ विवि के मेन गेट पर स्थापित डॉ. हरीसिंह गौर की प्रतिमा के सामने से पोस्ट कार्ड भेजो महाअभियान शुरु कर रहा है जो लाखो पोस्ट कार्ड भारत के राष्ट्रपति को पूरे भारत के सभी संगठनो से संपर्क करके पोस्ट कार्ड भेजो महाअभियान से जोड़ा जाएगा।

## लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के परीक्षा केन्द्रों का संभागायुक्त ने किया निरीक्षण



**सागर, देशबन्धु।** मप्र लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 का संभागायुक्त डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत ने ज्वाइंट कमिश्नर डॉ. अनिल द्विवेदी, सहायक नोडल अधिकारी वायपी सिंह के साथ उत्कृष्ट विद्यालय में बने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। शहर के 17 परीक्षा केंद्रों पर दो सत्रों में आयोजित की गई, परीक्षा हेतु जिला मुख्यालय सागर में 6644 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होना थे जिसमे से प्रथम पाली में 5168 (77.8 प्रतिशत) तथा द्वितीय पाली में 5114 (77.0 प्रतिशत) विद्यार्थी सम्मिलित हुए। परीक्षा के लिए आयोग के समस्त दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन किया गया। जिले में कुल 17 परीक्षा केंद्र जिसमें आईटीआई खुरई रोड़ सागर, ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय तिली, रविशंकर स्कूल, मोतीनगर शास. उ. मा.वि. पुरानी सदर, इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज बहेरिया, बीटीआईई मकरोनियाय एमएलबी क्र.02, शास. महाविद्यालय, मकरोनिया, ओजस्वनी नर्सिंग कॉलेज, पथरिया इंफिनिटी इंजीनियरिंग कॉलेज, इमानुएल स्कूल, शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, शा.उत्कृष्ट उ.मा.वि., बीटीआईआरटी इंजीनियरिंग कॉलेज, सिरोंजा जैन उ.मा.वि., ज्ञान सागर इंजीनियरिंग कॉलेज, सिरोंजा शास. कन्या उत्कृष्ट महाविद्यालय आदि में मप्र लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा.2023 की परीक्षा सम्पन्न हुई।

## बिजली विभाग द्वारा वृहद स्तर पर की गई छापामार कार्यवाही





**रहली, देशबन्धु।** मप्र पूर्व क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी सागर के मुख्य अभियंता केएल वर्मा के निर्देश पर एवं अधीक्षण अभियंता डीएन चौकीकर के मार्गदर्शन में कार्यपालन अभियंता लोकेश साहू द्वारा संभाग स्तर पर चार टीमों का गठन किया गया जिसमें राहुल शाह सहायक अभियंता, ओपी अग्रवाल सहायक अभियंता, जीएस पाठक अनुभाग अधिकारी एवं शैलेन्द्र चौबे कनिष्ट अभियंता को प्रत्येक टीम का अलग-अलग प्रभारी बनाया गया प्रत्येक दल में लगभग 7 कर्मचारियों को रखा गया था एवं क्रमशः छिरारी, जूना, चांदपुर एवं काछी पिपरिया मुख्यालय के ग्रामों में सघन चेकिंग की गई एवं बिजली की लाइन से सीधे तार डालकर बिना वैध कनेक्शन लिये कनेक्शन चोरी से चला रहे थे उन पर सख्त कार्यवाही की गई जिन उपभोक्ताओं द्वारा मौके पर ही कनेक्शन की राशि जमा कर दी गई उन पर कोई कार्यवाही नहीं की गई एवं भविष्य में अवैध कनेक्शन न चलाने की चेतावनी देकर छोड दिया गया ऐसे 35 नंबर उपभोक्ताओं द्वारा लगभग एक लाख तीस हजार की राशि तत्काल जमा कराई गई ऐसे 12 उपभोक्ता जिन्होंने मौके पर आवेदन एवं राशि जमा नहीं की गई 6 नंबर मोटर पम्प, 4 नंबर स्टार्टर एवं 2 उपभोक्ताओं की डोरियां जप्त की जाकर कार्यवाही की गई। रहली संभाग के कार्यपालन अभियंता लोकेश साहू द्वारा बताया गया कि उपभोक्त दल प्रत्येक दिन छापामार कार्यवाही करेंगे एवं अवैध कनेक्शन पाये जाने पर न्यायालयीन कार्यवाही की जायेगी एवं केस दर्ज किये जायेंगे जिन उपभोक्ताओं के स्थायी कनेक्शन हैं एवं राशि बकाया है ऐसे कनेक्शन भी अवैध कनेक्शन की श्रेणी में आते हैं अतः ऐसे उपभोक्ता शीघ्र राशि जमा कर कानूनी प्रकिया से बचें। अन्यथा की स्थिति में सख्त कार्यवाही की जावेगी।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादकः **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादकः **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।